प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

फतेहपुर संस्करण | फतेहपुर/लखनऊ से प्रकाशित | R.N.I : UPHIN/ 2011/44792



राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक · केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in

ट्रंप की जंग की जिद से अमेरिकियों में बढ़ी दहशत पेज- 2

ट्रैक्टर से घायल महिला की इलाज दौरान मौत पेज-6

वर्ष : 15 अंक : 85 | सोमवार 16 मार्च, 2026 | डाक पंजीयन संख्याः एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025–27/106 | पृष्ठ 06 मूल्य 1.00 रुपया

## चुनाव की घोषणा से ठीक पहले ममता सरकार ने पुरोहितों और मुअज्जिनों के मासिक मानदेय में 500 रुपये की बढ़ोतरी की

(एजेंसी) कोलकाता। विधानसभा चुनावों की तारीखों की घोषणा से कुछ घंटे पहले,



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को पुरोहितों और मुअज्जिनों के मासिक मानदेय में 500 रुपये की वृद्धि, प्रदेश सरकार के कर्मचारियों के बकाया महंगाई भत्ते (डीए) का मार्च से भुगतान करने की घोषणा की। इस संशोधन के बाद, पुरोहितों व मुअज्जिनों को अब प्रति माह 2,000 रुपये मिलेंगे। उन्होंने बताया कि बंगाल सरकार इस साल मार्च से अपने कर्मचारियों के बकाया महंगाई भत्ते (डीए) का भुगतान करेगी। बनर्जी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, वित्त विभाग द्वारा जारी अधिसूचनाओं में उल्लिखित प्रक्रिया के अनुसार, उन्हें मार्च 2026 से आरओपीए 2009 के तहत मिलने वाली महंगाई भत्ता राशि का बकाया मिलना शुरू हो जाएगा। यह बकाया वेतन और भत्तों का संशोधन (आरओपीए) 2009 से संबंधित है, जो सरकारी कर्मचारियों और पेंशनभोगियों की लंबे समय से चली आ रही मांग है। इसमें शिक्षकों, नगर पालिका और पंचायत कर्मचारियों तथा अन्य अनुदान प्राप्त संस्थानों के वेतन और भत्ते शामिल हैं। बनर्जी ने एक्स पर एक अन्य पोस्ट में कहा, मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि हमारे पुरोहितों और मुअज्जिनों को दिए जाने वाले मासिक मानदेय में 500 रुपये की वृद्धि की गई है, जिनकी सेवा हमारे समुदायों के आधयात्मिक और सामाजिक जीवन को बनाए रखती है। इस संशोधन के साथ, उन्हें अब प्रतिमाह 2,000 रुपये मिलेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने पुरोहितों और मुअज्जिनों द्वारा मानदेय के लिए प्रस्तुत सभी नए आवेदनों को मंजूरी दे दी है। धार्मिक सद्भाव पर सरकार के रुख को रेखांकित करते हुए बनर्जी ने कहा, हमें ऐसे वातावरण को बढ़ावा देने पर गर्व है जहां प्रत्येक समुदाय और परंपरा को महत्व दिया जाता है और उसे मजबूत किया जाता है। हमारा प्रयास यह सुनिश्चित करना है कि हमारी समृद्ध आध्यात्मिक विरासत के संरक्षकों को वह मान्यता और समर्थन मिले जिसके वे हकदार हैं।

## सीजेआई सूर्यकांत ने मंडी में कोर्ट कॉम्प्लेक्स का शिलान्यास किया

### ई-कोर्ट और डिजिटल लाइब्रेरी जैसी सुविधाएं होंगी

(एजेंसी) मंडी हिमाचल प्रदेश के जिला मंडी में न्यायिक बुनियादी ढांचे को भविष्योन्मुख बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक अध्याय जुड़ गया है। भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने रविवार को मंडी के नए न्यायिक परिसर (कोर्ट कॉम्प्लेक्स) की आधारशिला रखी। इस पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश एम. एस. रामचंद्र संधवालिया भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। यह नया कोर्ट कॉम्प्लेक्स मंडी के 152 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से 9.6 हेक्टेयर के विशाल भूखंड पर निर्मित किया जाएगा। इस परियोजना का वित्तीय ढांचा केंद्र और राज्य सरकार के साझा सहयोग पर आधारित है, जिसमें 90 प्रतिशत हिस्सेदारी केंद्र सरकार की और 10 प्रतिशत राज्य सरकार की होगी। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने इस अवसर पर राज्य सरकार की ओर से न्यायपालिका को हर संभव सहायता और समयबद्ध निर्माण सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया। शिलान्यास



समारोह के बाद मीडिया से बातचीत में सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि किसी भी समाज की प्रगति के लिए सुलभ और त्वरित न्याय व्यवस्था अनिवार्य है। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस परिसर का डिजाइन इस तरह तैयार किया गया है कि अगले पांच दशकों तक यह मंडी की न्यायिक आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम रहे। यह कॉम्प्लेक्स न केवल न्यायाधीशों और वकीलों के लिए कार्यस्थल होगा, बल्कि आम जनता के लिए एक सुगम केंद्र बनेगा। इस नए भवन की सबसे बड़ी विशेषता इसका मानवीय और संवेदनशील डिजाइन है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने रेखांकित किया कि अक्सर लोग अपने छोटे बच्चों के साथ अदालती कार्यवाही के लिए आते हैं। इसे ध्यान में रखते हुए, कॉम्प्लेक्स में बच्चों के लिए विशेष स्थान और अन्य सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। मुख्य न्यायाधीश एम. एस. रामचंद्र संधवालिया ने भी इस आधुनिक परिसर के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे न्याय के विकेंद्रीकरण और सुदृढ़ीकरण की दिशा में एक बड़ा कदम बताया। वर्तमान में पुराने भवनों में जगह की कमी के कारण आम जनता को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। नए परिसर के बनने से सभी अदालतें एक ही छत के नीचे होंगी, जिससे वकीलों और मुवक्किलों के समय की बचत होगी। यह अत्याधुनिक तकनीक, डिजिटल लाइब्रेरी और ई–कोर्ट जैसी आधुनिक सुविधाओं से भी लैस होगा। मंडी का यह नया न्यायिक परिसर प्रदेश के अन्य जिलों के लिए भी एक रोल मॉडल साबित होगा, जिससे आम आदमी का न्यायपालिका पर विश्वास और अधिक सुदृढ़ होगा।

## अमित शाह ने असम में 2,092 करोड़ रुपये की स्वास्थ्य परियोजनाओं की शुरुआत की

(एजेंसी) गुवाहाटी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को असम में 2,092 करोड़ रुपये की लागत वाली स्वास्थ्य परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। शाह ने यहां



675 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित प्राग्ज्योतिषपुर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (पीएमसीएच) का परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान उद्घाटन किया। उन्होंने असम कैंसर केयर फाउंडेशन (एसीसीएफ) के तहत गोलाघाट और तिनसुकिया में निर्मित कैंसर केंद्रों का भी ऑनलाइन तरीके से उद्घाटन किया। इनमें से प्रत्येक केंद्र का निर्माण 135 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है।उन्होंने दीफू मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (220 करोड़ रुपए), जोरहाट मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (310 करोड़ रुपए) और बारपेटा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (284 करोड़ रुपए) में सुपर–स्पेशियलिटी अस्पतालों की ऑनलाइन माध्यम से आधारशिला रखी। शाह ने गुवाहाटी में 218 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले स्वास्थ्य भवन और 115 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले अभयपुरी जिला अस्पताल की भी आधारशिला रखी। शाह असम के दो दिवसीय दौरे पर शनिवार शाम को यहां पहुंचे थे। पूर्वोत्तर राज्य का चार महीने में उनका यह चौथा दौरा है।

## कोलकाता में टीएमसी-भाजपा समर्थकों के बीच हुई झड़प के मामले में 9 लोग गिरफ्तार

(एजेंसी) कोलकाता। कोलकाता के ब्रिगेड परेड मैदान में शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की रैली से पूर्व टीएमसी और भाजपा समर्थकों के बीच हुई झड़प के मामले में नौ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि शनिवार देर रात चार लोगों को जबकि आज सुबह पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा, झड़पों के संबंध में अबतक नौ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। कानूनी कार्रवाई की जा रही है। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के समर्थकों के बीच शनिवार को मध्य कोलकाता में ब्रिगेड परेड ग्राउंड में प्रधानमंत्री की रैली से लगभग आधा घंटा पहले झड़प हुई थीं। आरोप है कि इस दौरान गिरिश पार्क इलाके में पश्चिम बंगाल की मंत्री शशि पांजा के आवास पर पत्थर फेंके गए। हिंसा रैली स्थल से लगभग पांच किलोमीटर दूर हुई जब भाजपा समर्थक प्रधानमंत्री की जनसभा में शामिल होने जा रहे थे।

## यूएई जाने वाले यात्रियों को झटका, एअर इंडिया एक्सप्रेस ने 3 शहरों के लिए रद्द कीं उड़ानें

(एजेंसी) नई दिल्ली। एअर इंडिया एक्सप्रेस ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के हवाई अड्डा प्राधिकारियों के निर्देशों के बाद रविवार को अबू धाबी, रास अल खैमाह और शारजाह के लिए अपनी निर्धारित उड़ानें रद्द कर दीं। विमानन कंपनी ने बताया कि



वह दिल्ली–दुबई मार्ग पर आने–जाने वाली एक उड़ान संचालित करेगी, जो हवाई अड्डे पर स्लॉट (उड़ान का समय) की उपलब्धता और मौजूदा परिस्थितियों पर निर्भर होगी। कंपनी ने बयान में कहा कि उसे यूएई हवाईअड्डा प्राधिकारियों के निर्देशों के बाद रविवार को उक्त शहरों के लिए अपनी गैर निर्धारित उड़ानों की भी संख्या कम करनी पड़ी है। एअर इंडिया एक्सप्रेस के बयान में कहा गया कि अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते संघर्ष की वजह से हवाई क्षेत्र पर प्रतिबंधों के कारण पश्चिम एशिया के लिए सेवाओं में कटौती की गई है। एअर इंडिया और एअर इंडिया एक्सप्रेस ने शनिवार को घोषणा की थी कि रविवार को पश्चिम एशिया से आने–जाने वाली 72 निर्धारित और गैर–निर्धारित उड़ानें संचालित की जाएंगी।

## मुंब्रा में सख्त कार्रवाई से अपराधियों में खौफ

### - वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अनिल शिंदे को जनता का समर्थन

न्यूज वाणी ब्यूरो

मुंब्रा/ठाणे। हाल के दिनों में मुंब्रा पुलिस विभाग लगातार चर्चा में बना हुआ है। ठाणे पुलिस आयुक्तालय के नेतृत्व में मुंब्रा पुलिस ने कई ऐसे कदम उठाए हैं, जिन्हें पहले लगभग नामुमकिन माना जाता था। अवैध गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई करते हुए मुंब्रा पुलिस ने नेताओं की कथित दबंगई और झूठी शिकायतों के माहौल पर भी लगाम लगाने का प्रयास किया है। विशेष रूप से रमज़ान के महीने में भी इस बार पुलिस ने सख्ती बरत ते हुए सड़क किनारे लगने वाले अवैध ठेलों, दुकानों के अस्थायी छप्परों और अतिक्रमण पर कार्रवाई की। आमतौर पर इस महीने में ऐसे मामलों में ढील और कथित वसूली की शिकायतें सामने आती रही हैं, लेकिन इस बार मुंब्रा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध वसूली करने वालों पर भी नकेल कसी है। मुंब्रा में हाल ही में हुए




फायरिंग के एक मामले में सोशल मीडिया पर चल रही तथाकथित "भाईगिरी" और "दादागिरी" को भी एक कारण माना जा रहा है। कुछ लोग फायरिंग जैसे वीडियो बनाकर फेसबुक और इंस्टाग्राम पर डालते थे और खुद को प्रभावशाली दिखाने की कोशिश करते थे। मुंब्रा पुलिस ने ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उन्हें सार्वजनिक रूप से माफी मांगने पर मजबूर कर दिया है। जिन लोगों के सामने वे सोशल मीडिया पर खुद को "हीरो" बताते थे, उन्हीं के सामने हाथ जोड़कर माफी मांगने की घटनाएं सामने आईं। मुंब्रा पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अनिल शिंदे के नेतृत्व में चल रही कार्रवाई को स्थानीय लोगों का समर्थन मिल रहा है। ठाणे के पुलिस आयुक्त आशुतोष डुंबरे के मार्गदर्शन में मुंब्रा पुलिस द्वारा अपराध, नशे के कारोबार और अवैध गतिविधियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि मुंब्रा जैसे संवेदनशील इलाके को सख्त और ईमानदार अधिकारी की जरूरत है। कई वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक यहां आए, लेकिन कोई भी लंबे समय तक नहीं टिक पाया। वहीं अनिल शिंदे का लगभग दो वर्षों तक मुंब्रा में बने रहना इस बात का संकेत माना जा रहा है कि उनके नेतृत्व में कई सकारात्मक कार्य हुए हैं। मुंब्रा के नागरिकों की मांग है कि वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अनिल शिंदे को यहां लंबे समय तक काम करने का अवसर दिया जाए, ताकि इलाके में अपराध और नशे के कारोबार पर पूरी तरह लगाम लग सके। वहीं कुछ लोगों का मानना है कि अपराध से जुड़े तत्व उनके तबादले की कोशिश कर सकते हैं। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि ठाणे पुलिस के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मुंब्रा की जनता की इस मांग पर क्या फैसला लेते हैं,पर इतना तो तय है के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अनिल शिंदे के रहने से अपराधी ड्रग्स माफियाओं और नशेड़ियों के मन में एक भय का माहौल बना हुआ है, क्या अनिल शिंदे को आगे भी मुंब्रा में सेवा देने का मौका मिलेगा या उनका तबादला कर दिया जाएगा।

## ट्रंप का ईरान पर तीखा वार, सरेंडर करो, नहीं तो होगी और बर्बादी

### -सुप्रीम लीडर मुज्तबा की मौत की अफवाहों को हवा दी

(एजेंसी) वॉशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को सीधे सरेंडर करने की चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि ईरान के नए सुप्रीम लीडर मुज्तबा खामेनेई शायद जिंदा ही नहीं हैं। मध्य पूर्व में जारी हिंसा को लेकर ट्रंप ने तुरंत युद्ध रोकने की किसी भी संभावना से इनकार कर दिया। एक टेलीफोन इंटरव्यू में ट्रंप ने खुलकर कहा कि तेहरान भले ही दुश्मनी खत्म करने की कोशिश कर रहा हो, लेकिन वो अभी की शर्तों से खुश नहीं हैं। उन्होंने जोर दिया कि कोई भी डील ष्पक्की और मजबूतष होनी चाहिए, वरना बात नहीं बनेगी। ट्रंप ने हाल ही में अयातुल्लाह अली खामेनेई की मौत के बाद पद संभालने वाले मुज्तबा की हालत पर गंभीर सवाल उठाए। मुज्तबा के सार्वजनिक तौर पर नजर न आने पर ट्रंप बोले, मुझे नहीं पता वो जिंदा हैं भी या नहीं। अभी तक किसी ने उन्हें देखा तक नहीं।ष उन्होंने आगे कहा




कि अफवाहें हैं कि मुज्तबा अब इस दुनिया में नहीं हैं, और अगर वो जिंदा हैं तो उन्हें देश हित में समझदारी दिखानी चाहिएकृयानी सरेंडर। बता दें कि पीट हेगसेथ ने शुक्रवार को दावा किया था कि हाल के हमलों में मुज्तबा बुरी तरह घायल हो गए हैं और शायद विकृत भी। हेगसेथ के मुताबिक, ईरानी लीडर डरे हुए, चोटिल और बिना वैधता के हैं। ट्रंप ने अमेरिकी फौज के हमलों का जिक्र करते हुए कहा कि ईरान का अहम तेल निर्यात हब खारग आईलैंड पूरी तरह तबाह हो चुका है। हालांकि, उन्होंने ये भी जोड़ा कि ऊर्जा सुविधाओं को ज्यादा नुकसान नहीं पहुंचाया गया, ताकि बाद में जल्दी हो सके। ट्रंप ने मजाकिया लहजे में कहा, हमने इसे बर्बाद कर दिया है। अगर मन किया तो और कुछ हमले कर सकते हैं। साथ ही, उन्होंने दावा किया कि अमेरिका ने ईरान की ज्यादातर मिसाइलों और ड्रोनों को नेस्तनाबूद कर दिया है, जिससे उनकी उत्पादन क्षमता बुरी तरह प्रभावित हुई है। ट्रंप ने होर्मुज स्ट्रेट की सुरक्षा के लिए कई देशों से अपील की कि वो यहां अपने युद्धपोत भेजें। खासतौर पर ब्रिटेन, चीन, फ्रांस, जापान और दक्षिण कोरिया का नाम लेते हुए उन्होंने कहा कि ये सभी प्रभावित हैं, इसलिए सक्रिय भूमिका निभाएं। आगामी चुनावों पर इसके असर को लेकर ट्रंप बेफिक्र दिखे,बोले, मुझे जरा भी टेंशन नहीं। उनका कहना है कि ये सारी रणनीति सिर्फ मध्य पूर्व की सुरक्षा के लिए है, ताकि ईरान कभी दोबारा इस इलाके पर कब्जा न कर सके।

## राहुल गांधी ने पीएम मोदी को लिखा पत्र

### -कांशीराम को भारत रत्न देने की मांग

(एजेंसी) नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर सामाजिक न्याय आंदोलन के महान नेता कांशीराम को मरणोपरांत श्भारत रत्नश देने की मांग की है। राहुल गांधी ने रविवार को अपने पत्र में कहा कि मान्यवर कांशीराम ने भारतीय राजनीति की दिशा बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और बहुजन समाज तथा गरीब वर्गोंमें राजनीतिक चेतना जगाई थी। उनका कहना था कि उनके इन प्रयासों से भारतीय लोकतंत्र की नींव मजबूत हुई और राजनीतिक व्यवस्था अधिक प्रतिनिधिक तथा न्यायपूर्ण बनी। कांग्रेस नेता ने कहा आज जब हम कांशीराम जी की जयंती मना रहे हैं और उनके जीवन तथा योगदान को याद कर रहे हैं। मैं आपसे अनुरोध करने के लिए यह पत्र लिख रहा हूँ कि उन्हें मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया जाए। उन्होंने लोगों को बताया था कि उनका वोट,उनकी आवाज और उनका प्रतिनिधित्व है और यह देश सभी का समान रूप से है। उनके प्रयासों के कारण कई ऐसे लोग, जिन्होंने कभी सार्वजनिक जीवन में आने के बारे में नहीं सोचा था, उन्होंने



राजनीति को न्याय और समानता प्राप्त करने का माध्यम मानना शुरू किया। राहुल गांधी ने लिखा कि हमारा संविधान प्रत्येक भारतीय को समानता, गरिमा और भागीदारी का वादा करता है और कांशीराम जी ने अपना जीवन समाज के सबसे निचले पायदान पर खड़े लोगों के लिए इन वादों को सार्थक बनाने में समर्पित किया। कांग्रेस नेता ने कहा ष्कई वर्षों से दलित बुद्धिजीवी, नेता और सामाजिक कार्यकर्ता कांशीराम जी को भारत रत्न से सम्मानित करने की मांग करते रहे हैं। उनकी यह मांग लगातार और गहरी भावना के साथ उठती रही है। हाल ही में मैं लखनऊ में एक कार्यक्रम में शामिल हुआ था, जहाँ नेताओं और प्रतिभागियों ने इस मांग को जोरदार तरीके से दोहराया, जो व्यापक जनभावना को दर्शाता है। उन्हें भारत रत्न प्रदान करना हमारे राष्ट्र के प्रति उनके महान योगदान को मान्यता देगा। यह उन लाखों लोगों की आकांक्षाओं का सम्मान भी होगा, जो आज भी उन्हें सशक्तीकरण और उम्मीद के प्रतीक के रूप में देखते हैं।

# सम्पादकीय

## यूएनओ में ईरान के ख़िलाफ़ रहे उसके दोस्त चीन और रूस

पिता और पत्नी सहित अपनों की मौत के तुरंत बाद युद्ध के दौरान ईरान का नया सुप्रीम लीडर बनने वाले अयातुल्ला मुजतबा खामेनेई ने बीते दिनों देश के नाम पहला संदेश जारी किया। मै नफीस जाफरी आपको यह बता दूं कि संदेश क्लियर था बदला। बदला ईरान के एक स्कूल में पढ़ने वाली बच्चियों की मौत का, सेना और शासन से जुड़े अधिकारियों की मौत का, अपने पिता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत का। मुजतबा की लिस्ट लंबी है और जाहिर है इसीलिए उन्होंने साफ कर दिया है कि जब तक बदला पूरा नहीं हो जाता, ये युद्ध नहीं रुकने वाला। ये ईरान के अस्तित्व की लड़ाई है। वहीं अब बात संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में रूस और चीन के एक खेल की तो मालूम हो कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने खाड़ी देशों पर ईरान के हमलों के खिलाफ प्रस्ताव को पारित कर दिया। इसके बाद तेहरान ने सुरक्षा परिषद के खुलेआम दुरुपयोग की निंदा की। ईरान के खिलाफ ये प्रस्ताव बहरीन की ओर से रखा गया, जिसमें खाड़ी देशों पर ईरान के हालिया मिसाइल और ड्रोन हमलों की निंदा की गई। गौर करने वाली बात यह कि रूस और चीन ने इस प्रस्ताव के खिलाफ वीटो वोट देने की बजाए वोट नहीं देने का विकल्प चुना। पाकिस्तान ने भी ईरान के खिलाफ वोट दिया है। भारत भी इस प्रस्ताव को को–स्पॉन्सर करने वाले 135 देशों में शामिल था। प्रस्ताव में बहरीन, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और जॉर्डन पर ईरान के हमलों की निंदा की गई। इसमें इस बात पर जोर दिया गया है कि ऐसे .त्य अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन और अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा हैं। बहरीन ने ईरान द्वारा इन देशों के खिलाफ किए जा रहे सभी हमलों को तुरंत बंद करने की मांग की। साथ ही संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुच्छेद 51 के तहत मान्यता प्राप्त व्यक्तिगत और सामूहिक आत्मरक्षा के अधिकार पर जोर दिया। इस प्रस्ताव में होर्मुज जलडमरूमध्य और उसके आसपास के क्षेत्रों सहित नागरिकों, महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे और वाणिज्यिक जहाजों को जानबूझकर निशाना बनाने की कड़ी आलोचना की गई है। वहीं पाकिस्तान के संयुक्त राष्ट्र राजदूत आसिम इतिखार अहमद ने कहा कि 28 फरवरी को ईरान पर हमलों के बाद अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा को गंभीर रूप से खतरे में डाल दिया है। उन्होंने कहा कि संयुक्त अरब अमीरात पर हुए हमलों में कम से कम दो पाकिस्तानी नागरिकों की जान चली गई और खाड़ी देशों में रहने वाले लाखों अन्य पाकिस्तानी खतरे में हैं। ईंधन की आपूर्ति और आवश्यक विमानन संपर्क भी बाधित हो गए हैं। उन्होंने कहा, हम शांतिपूर्ण समाधान की दिशा में आगे बढ़ने के लिए बातचीत और कूटनीति की ओर शीघ्र लौटने का आह्वान करते हैं। फ्रांस के प्रतिनिधि जेरोम बोनाफोंट ने आरोप लगाया कि वर्तमान तनाव बढ़ने के लिए ईरान काफी हद तक जिम्मेदार है। फ्रांस काफी समय से ईरान के परमाणु खतरों से चिंतित रहा है। बहरीन के इस प्रस्ताव को सुरक्षा परिषद ने 13 वोटों से पारित कर लिया गया, जबकि चीन और रूस ने मतदान में हिस्सा नहीं लिया। पाकिस्तान ने इस प्रस्ताव के पक्ष में मतदान करते हुए कहा कि वह इन हमलों से अछूता नहीं है। सुरक्षा परिषद ने ईरान के साथ संवाद को सुगम बनाने और विवादों को शांतिपूर्ण ढंग से हल करने के उद्देश्य से जीसीसी देशों और अन्य क्षेत्रीय पक्षों के मध्यस्थता प्रयासों को भी स्वीकार किया। साथ ही आगे तनाव बढ़ने से रोकने की आवश्यकता पर जोर दिया। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने मध्य पूर्व में स्थिरता और शांति को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। साथ ही खाड़ी राज्यों और जॉर्डन की संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता और राजनीतिक स्वतंत्रता के लिए अपने समर्थन को दोहराया। इससे पहले रूस ने मध्य पूर्व में सैन्य तनाव बढ़ने पर एक मसौदा प्रस्ताव प्रस्तुत किया, जिसमें सभी पक्षों से अपनी सैन्य गतिविधियों को तुरंत रोकने और आगे तनाव बढ़ाने से बचने का आग्रह किया गया था, लेकिन अमेरिका ने इसे वीटो कर दिया। रूस के इस प्रस्ताव के पक्ष में रूस, चीन, सोमालिया और पाकिस्तान के चार मत प्राप्त हुए, जबकि संयुक्त राज्य अमेरिका और लातविया ने इसके विरुद्ध मतदान किया। यूनाइटेड किंगडम, फ्रांस, बहरीन, कोलंबिया, डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो, डेनमार्क, ग्रीस, लाइबेरिया और पनामा सहित नौ सदस्यों ने मतदान से परहेज किया।


नफीस जाफरी

## छोटे सिलेंडरों में गैस रिफिल करने वाले दुकानदारों पर होगी एफआईआर

### - डीएम के निर्देश पर पूर्ति निरीक्षक ने देहात कोतवाली में दी तहरीर

न्यूज वाणी ब्यूरो /बहराइच। जिला पूर्ति अधिकारी नरेन्द्र तिवारी ने बताया कि नगर क्षेत्र के पूर्ति निरीक्षक हेम भूषण के साथ शनिवार को अपरान्ह में लगभग 03:30 बजे नगर क्षेत्र के भ्रमण के दौरान विकास भवन के निकट राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय के गेट पर स्थित गैस व स्टोव मरम्मत की दुकान पर पुलिस बल की मौजूदगी में औचक छापेमारी की गयी। दुकानदार मुज्जमिल पुत्र नईम दुकान पर मौजूद मिले, जिनकी उपस्थिति में दुकान का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय दुकान में घरेलू गैस सिलेण्डर तथा छोटे सिलेण्डर व गैस रिफिलिंग के उपकरण पाये गये। दुकानदार मुज्जमिल से उपलब्ध सिलेण्डरों के सम्बन्ध में पूछताछ करने पर सम्बन्धित द्वारा कोई सन्तोषजनक उत्तर नहीं दिया गया और न ही सिलेण्डरों से सम्बन्धित कोई अभिलेख आदि ही प्रस्तुत किये गये। छापेमारी के दौरान 02 अदद घरेलू एलपीजी इण्डेन गैस सिलेण्डर (14.2 कि.ग्रा.) सीलयुक्त भरे हुए जिनका सीरियल नम्बर 479406 व 255076 है। इसके अलावा 04 अदद् घरेलू एलपीजी इण्डेन गैस सिलेण्डर (14.2 कि.ग्रा.) आंशिक भरे हुए बरामद हुए जिनका सीरियल नम्बर 230065, 553242, 616697 व 401343 है। इसके अलावा 05 अदद छोटे अधोमानकध्अवैध (05 कि.ग्रा.) खाली बरामद हुए है। इसके अतिरिक्त मौके पर दुकान में गैस रिफिल किया जाने वाले 02 उपकरणधरिफिलर बरामद हुए। डीएसओ श्री तिवारी ने बताया कि औचक जांच व छापेमारी में जब्त किये गये सिलेण्डरों एवं रिफिलर से यह स्पष्ट है कि दुकानदार मुज्जमिल द्वारा घरेलू गैस सिलेण्डरों का अवैध ढंग से छोटे अवैध सिलेण्डरों में रिफिल कर गैस की कालाबाजारी की जा रही है, जो एलपीजी कंट्रोल आर्डर–2000 (द्रवी.त पेट्रोलियम गैस आपूर्ति और वितरण का विनियमन–आदेश) का स्पष्ट उल्लंघन है तथा जो आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3ध्7 के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध भी है। डीएसओ श्री तिवारी ने बताया कि जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देश पर पूर्ति निरीक्षक हेम भूषण द्वारा दोषी दुकानदार मुज्जमिल पुत्र नईम के विरूद्ध थाना कोतवाली देहात में आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के अन्तर्गत मुकदमा पंजी.त करने हेतु तहरीर दी गई है।

# ट्रंप की जंग की जिद से अमेरिकियों में बढ़ी दहशत


गुलफिशा खान

मिडिल ईस्ट में अमेरिका और इजरायल के ईरान के खिलाफ युद्ध के 17 दिन बीत चुके हैं। ईरान पर 5500 से ज्यादा लोकेशन पर बमबारी का दावा कर चुके अमेरिका के खजाने को बड़ा चूना लगा है। अमेरिकी रक्षा मंत्रालय पेंटागन की रिपोर्ट में ही खुलासा हुआ है कि छह दिनों में 11.3 अरब डॉलर (94 हजार करोड़ रुपये) से ज्यादा रकम फूंक चुका है। रिपोर्ट के मुताबिक, पेंटागन अधिकारियों ने अमेरिकी सांसदों कोये जानकारी दी। पाकिस्तान का रक्षा बजट 2025–26 में भारतीय रुपये के हिसाब से 84 हजार करोड़ रुपये के करीब है। वहीं दूसरी ओर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान में जो जंग की चिंगारी भड़काई थी, उसकी आग अब अमेरिकी लोगों के जेहन में उतरने लगी है। अमेरिका के लोगों के मन में डर बैठने लगा है कि कहीं यह जंग मिडिल ईस्ट के बाहर पांव पसारते हुए उनके दर तक न पहुंच जाए। अमेरिका के लोग तो न्यूक्लियर वॉर छिड़ने को लेकर डरे हुए हैं। परमाणु हमले, हवाई हमले या सर्वनाश की स्थिति में शरण लेने के लिए जिन बम शेल्टर या बंकरों का इस्तेमाल होता है, लोग उन्हें बनाने वाली कंपनी को कॉल मिला रहे हैं। केवल अमेरिकी ग्राहक ही नहीं, विदेशी भी बंकरों को खरीदने के लिए दौड़ रहे हैं। मिडिल ईस्ट में युद्ध शुरू हुए लगभग दो हतों से भी ज्यादा का समय हो चुका हैं। इसके बाद से अमेरिका के टेक्सास राज्य में रॉन हबर्ड की बम शेल्टर बनाने वाली कंपनी का फोन लगातार बज रहा है। अमेरिका और इजरायल के ईरान पर हमले करने और तेहरान द्वारा पूरे क्षेत्र में जवाबी हमले करने के बाद हबर्ड के बंकरों की मांग बहुत बढ़ गई है। ज्यादातर ग्राहक खाड़ी देशों बहरीन, कतर, कुवैत और संयुक्त अरब अमीरात से हैं। लेकिन अमेरिकी भी कम नहीं हैं। न्यूज एजेंसी एएफपी की रिपोर्ट के अनुसार 63 साल हबर्ड ने अपनी कंपनी एटलस सर्वाइवल शेल्टर्स के दतर में कहा, "आप समझ सकते हैं कि कितने लोग सोच रहे हैं कि काश मेरे पास भी बम शेल्टर होता। अभी इस प्रोडक्ट की मांग और इसकी अहमियत अपने सबसे ऊंचे स्तर पर है। मैंने तो ऐसा पहले कभी नहीं देखा।" एक तरफ तो मिडिल ईस्ट में ईरान की मिसाइलें अमेरिकी ठिकानों को निशाना बना रही हैं और उपर से देश के अंदर भी हिंसा बढ़ रही है, इसलिए अमेरिका में लोग भी चिंतित हैं। हाल ही की एक



सुबह लोरिडा से एक ग्राहक ने हबर्ड को फोन करके 10 लोगों के लिए बम शेल्टर के बारे में जानकारी थी। एक साधारण बैकयार्ड बंकर में चार लोग जमीन के नीचे लगभग एक हते तक रह सकते हैं। यह बंकर उन्हें बम धमाकों और किसी भी रेडिएशन से बचाता है। इसकी कीमत लगभग 25,000 डॉलर होती है। भारतीय करेंसी में यह रकम 23 लाख रुपए से भी अधिक होती है। इससे ज्यादा एडवांस मॉडल जो आता है, उसमें लोग कई साल तक रह सकते हैं। लेकिन फिर उनकी कीमत लाखों डॉलर तक हो सकती है। यह इस बात पर निर्भर करता है कि उसमें कितना खाना, ऊर्जा और पानी जमा किया गया है। हबर्ड ने कहा, "यह इस बात पर निर्भर करता है कि लोग दुनिया के अंत या आर्मागेडन के लिए तैयारी कर रहे हैं, या सिर्फ मिसाइल हमलों की स्थिति के लिए, जैसा कि ज्यादातर इजरायल में देखा गया है।" बंकर बनते भी दो तरह से हैं। पहला तो बंकर सीधे उसी जगह कंक्रीट से बनाए जा सकते हैं, जहां इन्हें सेट किया जाना है। और दूसरा कि ये टेक्सास के ग्रामीण इलाके सल्फर स्प्रिंग्स में फैक्ट्री में धातु से तैयार किए जाते हैं और बाद में ग्राहकों तक पहुंचाए जाते हैं। हबर्ड ने बताया कि परमाणु हमले से बचाने वाले शेल्टर को जमीन के नीचे सिर्फ तीन फीट गहरा होना जरूरी है, क्योंकि ऊपर की मिट्टी और कंक्रीट लोगों को गामा विकिरण से बचाते हैं। हालांकि वे आमतौर पर इन्हें छह से दस फीट नीचे बनाने की कोशिश करते हैं ताकि तोपों के हमले से भी सुरक्षा मिल सके। इन शेल्टरों में एक मुख्य दरवाजा होता है जो पूरी तरह सील हो जाता है। इसके अलावा एक डिकंटैमिनेशन चैंबर भी होता है, जहां लोग अगर किसी प्रदूषित वातावरण से आए हों तो नहा सकते हैं और खुद को कंटैमिनेशन से बचा सकते हैं। बजट के अनुसार अंदर का हिस्सा एक छोटे अपार्टमेंट जैसा हो सकता है। इसमें लिविंग रूम और टीवी, बेडरूम, किचन, कपड़े धोने की जगह और बाथरूम भी हो सकता है। कुछ मॉडलों में हथियार रखने का कमरा भी होता है। यह बंकर बिजली के स्रोत से जुड़ी होती है और पानी को जमा करने और फिल्टर करने की व्यवस्था भी होती है। अगर बिजली चली जाए, तो बंकर का वेंटिलेशन सिस्टम हाथ से घुमाने वाले क्रैंक से चलाया जा सकता है। हबर्ड की फैक्ट्री के आंगन में लगभग 20 बंकर रखे हैं, जो स्टील के शिपिंग कंटेनर जैसे दिखते हैं और देशभर में ग्राहकों को भेजने के लिए तैयार थे। इसके अलावा 40 और ऑर्डर तैयार किए जा रहे थे। हबर्ड ने कहा, "मुझे लगता है कि अगले दो महीनों में मेरी बिक्री पिछले तीन सालों की कुल बिक्री से भी ज्यादा हो जाएगी।" एटलस अपनी तकनीक विदेशी कंपनियों को लाइसेंस भी देता है और संयुक्त राज्य अमेरिका से विशेषज्ञों की टीम भेजता है जो निर्माण कार्य की निगरानी करती है। भले हबर्ड अपने ग्राहकों की लिस्ट गुप्त रखते हैं, लेकिन कुछ प्रसिद्ध खरीदारों ने सार्वजनिक रूप से बताया है कि उन्होंने उनके बंकर खरीदे हैं। इनमें विवादित सोशल मीडिया इन्लुएंसर एंड्रयू टेट और दुनिया के सबसे बड़े यूट्यूबर मिस्टरबीस्ट शामिल हैं। 2021 में हबर्ड ने एक टीवी शो में भी हिस्सा लिया था, जिसमें सोशलाइट और एंटरप्रेन्योर किम कार्दशियन थीं। उस शो में उन्होंने कैलिफोर्निया में किम के घर के लिए एक बंकर बनाया था। हबर्ड के अनुसार, टेक्नोलॉजी कंपनी के प्रमुख मार्क जुकरबर्ग ने भी उनसे एक बंकर का डिजाइन बनवाया था, जिसे बाद में एक स्थानीय ठेकेदार ने तैयार किया। हबर्ड ने कहा, "जो लोग पहले कहते थे कि 'पागल अमेरिकी बम शेल्टर बना रहे हैं, अब वे ऐसा नहीं कहते। क्योंकि वे देख रहे हैं कि दुबई जैसे देश पर भी हर दिन लगातार बमबारी हो रही है।" उन्होंने यह भी कहा, "खासकर जब दुनिया का भविष्य बहुत खराब दिख रहा है।"

# टीम इंडिया की सफ़लता में अगरकर का भी अहम योगदान शामिल है


फरीद वारसी

भारत के पूर्व क्रिकेटर और जाने–माने कमेंटेटर संजय मांजरेकर ने कहा है कि कप्तान सूर्यकुमार यादव और हेड कोच गौतम गंभीर की लीडरशिप में भारतीय टीम मैनेजमेंट ने स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन के इस्तेमाल को लेकर गंभीर गलतियां कीं। सैमसन प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट बने, जिससे भारत ने टी–20 वर्ल्ड कप 2026 जीता। उन्होंने भारत के आखिरी तीन मैचों में 97', 89 और 89 रन की पारियां खेलीं, जबकि पहले उन्हें प्लेइंग एकदश से बाहर कर दिया गया था। मांजरेकर ने अपने बयान को समझाने के लिए यह बात बताई। संजय मांजरेकर ने एक इंस्टाग्राम वीडियो में कहा, मुझे लगता है कि संजू सैमसन के साथ गंभीर गलतियां हुईं। मांजरेकर ने भारतीय टीम मैनेजमेंट के उस फैसले की आलोचना की जिसमें उन्होंने शुरू में सैमसन का ओपनर के तौर पर स्लॉट हटाकर शुभमन गिल को मौका दिया था। मांजरेकर ने कहा, संजू सैमसन अब बड़े हो गए हैं और हाल ही में उन्होंने साउथ अफ्रीका जैसी टीमों के खिलाफ पांच इनिंग में तीन सेंचुरी बनाईं। असल में, कुछ मैच बाद, सिर्फ चार या पांच इनिंग के बाद ही उन्हें नीचे बल्लेबाजी के लिए भेजा गया, क्योंकि इंग्लैंड में शुभमन गिल ने टेस्ट सीरीज में शानदार प्रदर्शन किया था। उन्होंने कहा, ष्यह बात बिल्कुल गलत है कि क्योंकि शुभमन गिल ने टेस्ट क्रिकेट में बहुत अच्छा खेला, इसलिए उन्हें वापस टीम में शामिल कर लिया गया, उन्हें भारतीय टी–20 टीम में वापस बुला लिया गया, और इससे भी बुरी बात यह है कि संजू सैमसन, जो टॉप ऑर्डर में थे, उन्हें शुभमन गिल के लिए जगह बनाने के लिए नीचे भेज दिया गया। मांजरेकर ने यह भी कहा कि इन फैसलों का सैमसन की रिदम पर असर पड़ा, जिसकी वजह से आखिरकार उनकी फॉर्म खराब हुई और टी–20 वर्ल्ड कप से ठीक पहले उन्हें प्लेइंग एकादश से बाहर कर दिया गया. मांजरेकर ने कहा,एशिया कप में संजू सैमसन की रिदम थोड़ी खराब हो गई थी। वह निचले क्रम में बैटिंग कर रहे थे और बेअसर रहे और आखिरकार प्लेइंग एकादश में उनकी जगह चली गई। संजय मांजरेकर ने आगे कहा, अब, यहीं पर किस्मत काम आती ह।. एक गेम में रिंकू सिंह के न होने पर संजू सैमसन को वापस आना पड़ा। तिलक वर्मा, जो नंबर 3 पर स्ट्रगल कर रहे थे, उन्हें नीचे भेजा गया और इसीलिए इशान किशन नंबर 3 पर बैटिंग कर रहे थे। वह नंबर 3 पर बैटिंग कर सकते थे, और संजू सैमसन को टॉप ऑर्डर में जगह मिली, जो उन्हें शुरू से ही मिलनी चाहिए थी। और इसके बाद जो हुआ वो इतिहास है। अब बात बीसीसीआई के मुख्य चयन कर्ता अजीत अगरकर तो मालूम हो कि भारत ने न्यूजीलैंड को टी20 वर्ल्ड कप 2026 के फाइनल में 96 रन से मात देकर खिताब अपने नाम किया। हेड कोच गौतम गंभीर ने खिताबी जीत का श्रेय चीफ सेलेक्टर अजीत अगरकर को देते हुए स्पष्ट तौर पर कहा था कि उनकी काफी आलोचना होती है, लेकिन वह अपना काम पूरी ईमानदारी से कर रहे हैं। अगरकर के ही कार्यकाल में भारत ने 3 आईसीसी टूर्नामेंट अपने नाम किए। अजीत अगरकर ने साल 2023 में सीनियर चयन समिति के अध्यक्ष का पदभार संभाला था। ये वो दौर था, जब परिस्थितियां अलग थीं, लेकिन करीब 3 साल के कार्यकाल में अगरकर ने मुश्किल और साहसिक फैसले लेकर परिणाम भारत के पक्ष में मोड़ दिए। बीते तीन सालों में भारत ने वनडे वर्ल्ड कप 2023, टी20 वर्ल्ड कप 2024, चैंपियंस ट्रॉफी 2025 और टी20 वर्ल्ड कप 2026 के फाइनल में जगह बनाई। इस दौरान 3 खिताब अपने नाम किए। अगरकर ने अपने कार्यकाल में कई ऐसे फैसले लिए, जिसके चलते आलोचनाओं का सामना करना पड़ा, लेकिन उनके फैसले टीम के हित में एकदम सही साबित हुए। इनका असर टीम के संतुलन और भविष्य की रणनीति पर नजर आया। उन्होंने युवा खिलाड़ियों को मौका देने की नीति अपनाने के साथ टीम में फिटनेस और फॉर्म को प्राथमिकता दी। इस दौरान कुछ सीनियर खिलाड़ियों को बाहर कर नए चेहरों पर भरोसा जताया। उनके इन फैसलों का मकसद भारतीय टीम को भविष्य के टूर्नामेंट्स के लिए मजबूत बनाना रहा। एक समय था, जब टी20 फॉर्मेट में हार्दिक पंड्या को कप्तान के तौर पर मजबूत दावेदार माना जा रहा था, लेकिन अगरकर ने सूर्या पर दांव खेला, जिनकी उम्र पर भी उस दौर में सवाल खड़े किए गए थे। वही सूर्या भारत को टी20 वर्ल्ड कप जिताने वाले तीसरे कप्तान बने। सूर्यकुमार यादव ने विश्व कप खिताब जीतने के बाद बताया था कि कोच गौतम गंभीर के साथ उनका तालमेल शानदार




रहा है। इन दो सालों में कभी कोई बहस नहीं हुई, जिससे एक आदर्श प्लेइंग इलेवन तैयार करने में मदद मिली। अजीत अगरकर का यह एक मास्टरस्ट्रोक साबित हुआ, जिसने कोच और कप्तान के बीच शानदार तालमेल के साथ भारत को विश्व कप विजेता बनाया। ईशान को लंबे वक्त से टीम इंडिया में नजरअंदाज किया जा रहा था, लेकिन अगरकर को इस खिलाड़ी पर विश्वास था। आखिरकार ईशान को टी20 वर्ल्ड कप टीम में मौका दिया गया, जो एक और मास्टरस्ट्रोक साबित हुआ। ईशान ने टी20 वर्ल्ड कप 2026 में 9 मैच खेले, जिसमें 35.22 की औसत के साथ 317 रन बनाए। वह सर्वाधिक रन बनाने वालों की सूची में चौथे पायदान पर रहे। उनके एक बड़े फैसले में रोहित शर्मा के स्थान पर शुभमन गिल को वनडे टीम की कमान सौंपना भी शामिल था। संजू साल 2025 में टी20 क्रिकेट में खासा प्रभावित नहीं कर सके थे। इस दौरान उनके बल्ले से सिर्फ एक ही अर्धशतक आया था, लेकिन इसके बावजूद अगरकर को संजू पर पूरा विश्वास था। यही वजह रही कि उन्हें टी20 वर्ल्ड कप टीम में शामिल किया गया, जिसमें संजू ने वेस्टइंडीज (97'), इंग्लैंड (89) और न्यूजीलैंड (89) के विरुद्ध शानदार पारियां खेलकर भारत को खिताब जिताने में अहम भूमिका निभाई। संजू टी20 वर्ल्ड कप 2026 के 5 मुकाबलों में 80.25 की औसत के साथ 321 रन बनाकर प्लेयर ऑफ द सीरीज रहे। अजीत अगरकर ने पूरे टी20 वर्ल्ड कप में पर्दे के पीछे से ही टीम के लिए रणनीति तैयार की और जीत के वो नायक बने, जिन्हें खिताब का उतना श्रेय नहीं दिया गया, जितना दिया जाना चाहिए था। वाकई अगरकर ने पूरी ईमानदारी के साथ अपना काम किया, जिसे खुद कोच गंभीर ने भी स्वीकारा. फैंस को भविष्य में भी अगरकर से कड़े फैसले लेते हुए भारत को बुलंदियों तक पहुंचाने की उम्मीद है।

# अफगानिस्तान और ईरान के बीच युद्धों में फंसे पाकिस्तान के सामने कठिन विकल्प

याशी

पाकिस्तान दो संघर्षों के बीच फंसा हुआ है। पश्चिम में अफगानिस्तान में, कभी उसके संरक्षण में रहे तालिबान के साथ संबंध बेहद बिगड़ गए हैं और अब वे 'पूर्ण युद्ध' की स्थिति में हैं। दक्षिण–पश्चिम में ईरान के साथ युद्ध जारी है, जिसका असर सऊदी अरब पर भी पड़ रहा है, जिसके साथ पाकिस्तान का पारस्परिक रक्षा समझौता है। ईरान युद्ध के कारण पैट्रोल और डीजल की कीमतों में 55 पाकिस्तानी रुपए प्रति लीटर की वृद्धि हुई है। पहले से ही कमजोर अर्थव्यवस्था पर पड़ रहे इस नए दबाव के साथ, अफगानिस्तान में अपने सैन्य अभियानों को जारी रखना और सऊदी अरब की मदद के लिए संभावित रूप से एक नया अभियान शुरू करना वित्तीय दृष्टि से बहुत कम समझदारी भरा लगता है, खासकर ऐसे समय में, जब अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आई.एम.एफ.) के अधिकारी 7 अरब डॉलर के राहत पैकेज से संबंधित समीक्षा दौरे पर हैं। बलूचिस्तान में भी संघर्ष जारी है। इसके अलावा, दोनों संघर्ष पाकिस्तान की आंतरिक सुरक्षा स्थिति को और खराब कर सकते हैं। ईरान युद्ध से उग्रवाद को बढ़ावा मिल सकता है, जबकि आतंकवादी समूह तहरीक–ए–तालिबान पाकिस्तान (टी.टी.पी.) अफगानिस्तान युद्ध का बदला ले सकता है। पहले ही, पूरे पाकिस्तान में शिया समुदाय द्वारा पूजे जाने वाले अयातुल्ला अल खामेनेई की हत्या के विरोध में हुए प्रदर्शनों में 20 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। पाकिस्तान अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ अपने नए सौहार्दपूर्ण संबंधों को खतरे में नहीं डाल सकता लेकिन ईरान के साथ उसके संबंध भी महत्वपूर्ण हैं। इसलिए, इस्लामाबाद ने ईरान पर हुए पहले हमले की निंदा की लेकिन हमलावर का नाम नहीं बताया। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने अपने पिता के उत्तराधिकारी बनने पर मुजतबा खामेनेई को बधाई दी और अयातुल्ला के निधन पर शोक व्यक्त किया, साथ ही उन खाड़ी देशों के प्रति एकजुटता भी व्यक्त की, जिन पर ईरान ने हमला किया है। इन देशों में इस्लामाबाद के लिए सबसे महत्वपूर्ण सऊदी अरब है, जो उसका लंबे समय से हितैषी रहा है। पिछले साल सितंबर में, दोनों देशों ने एक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे कि किसी भी देश के खिलाफ आक्रामकता को दोनों देशों के खिलाफ आक्रामकता माना जाएगा। आज अगर सऊदी अरब के लिए युद्ध की स्थिति और बिगड़ती है, तो दुनिया यह देखेगी कि पाकिस्तान अपने समझौते का पालन कैसे करता है। पाकिस्तान के ईरान के साथ संबंध जटिल हैं। शिया–सुन्नी विभाजन एक कारण है, वहीं अमरीका के साथ अच्छे संबंध बनाए रखने के लिए पाकिस्तान के प्रयास दूसरा कारण हैं। दोनों देश 900 किलोमीटर लंबी सीमा सांझी करते हैं, जिसके दोनों ओर पाकिस्तान का बलूचिस्तान और ईरान का सिस्तान तथा बलूचिस्तान स्थित हैं, जहां बलूच विद्रोह सुलग रहा है। 2024 में, ईरान ने पाकिस्तान की सीमा के अंदर हमला किया और पाकिस्तान ने जवाबी कार्रवाई की, दोनों देशों ने आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाने का दावा किया। तब से, संबंधों को सुधारने के लिए कुछ प्रयास किए गए हैं। लेकिन पराजित या कमजोर ईरान इस्लामाबाद के हित में नहीं है। अगर ईरान अपनी सीमा की सुरक्षा नहीं कर पाता है, तो बलूच उग्रवादियों का हौसला बढ़ेगा। इस्लामाबाद अपने पड़ोसी देश में इसराईल समर्थित कठपुतली नेतृत्व भी नहीं चाहेगा। इसके अलावा, बलूचिस्तान ईरान सीमा के पार से होने वाले व्यापार और आपूर्ति पर बहुत अधिक निर्भर है, जबकि ईरान और खाड़ी देशों में काम करने वाले लाखों पाकिस्तानी अपने घर पैसे भेजते हैं। इसके अलावा, यह तथ्य भी है कि लगभग वे सभी देश, जो अफगानिस्तान के साथ उसके युद्ध में मध्यस्थता कर सकते थे, अब अपने ही युद्धों में व्यस्त हैं। हालांकि, पाकिस्तान भले ही मुश्किल हालात में है, फिर भी वह एकमात्र ऐसा देश है, जो इस संघर्ष में शामिल सभी पक्षों से बातचीत कर सकता है। पाकिस्तान के रक्षा एवं सुरक्षा विशेषज्ञ अली के चिश्ती ने दावा किया, "ईरान के मुद्दे पर पाकिस्तान नीतिगत गतिरोध का सामना कर रहा है। हालांकि, उसने इस अवसर का लाभ उठाते हुए ईरान के साथ अपने संबंधों को सक्रिय रूप से मजबूत किया है, जिसके चलते ईरान ने सऊदी अरब को अन्य देशों की तरह बेरहमी से निशाना नहीं बनाया। इसलिए यह पाकिस्तान के लिए एक जीत है।"अफगानिस्तान से टकराव रू यहां विवाद की जड़ टी.टी.पी. है, जिसका मूल सिद्धांत इस्लामी जिहाद पर आधारित था, जिसके तहत वह पाकिस्तान को कुरान की सख्त व्याख्या का पालन करने वाले एक अमीरात के रूप में चलाना चाहता था। लेकिन ध्ीरे–ध्ीरे इसने खैबर पख्तूनख्वा की पश्तून आबादी की कई पुरानी स्थानीय शिकायतों का फायदा उठाना शुरू कर दिया। टी.टी.पी. एक घातक संगठन है, जिसने अकेले पिछले कुछ वर्षों में आतंकी हमलों में हजारों लोगों की जान ली है। उस पर नकेल कसने के कई प्रयास विफल होने के बाद, पाकिस्तान ने 27 फरवरी को अफगानिस्तान में बमबारी शुरू कर दी, जिसके जवाब में दूसरी तरफ से भी बमबारी की गई। काबुल ने अब तक पीछे हटने का कोई संकेत नहीं दिया है।

# संगठन को मजबूत करने पर जोर, बहुजन पैंथर ऑफ इंडिया की बैठक आयोजित

न्यूज वाणी ब्यूरो

बिजनौर। बहुजन पैन्थर ऑफ इंडिया (अराजनैतिक) संगठन की बैठक राष्ट्रीय अध्यक्ष अरुण कुमार उर्फ रोनी के आवास पर आयोजित की गई। बैठक में संगठन को मजबूत बनाने, उसके विस्तार और आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से चर्चा की



गई। बैठक के दौरान संगठन की टीम ने सामाजिक गतिविधियों और जनसंपर्क कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की। साथ ही मान्यवर कांशीराम जी की 92 वीं जयंती को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया और इसके सफल आयोजन के लिए पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गईं। इस मौके पर पदाधिकारियों ने अपने विचार रखते हुए संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने और समाज के हित में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष अरुण कुमार उर्फ रोनी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजीव कुमार, राष्ट्रीय महासचिव बी.पी. सिंह, मंडल अध्यक्ष जसराम प्रधान, मंडल उपाध्यक्ष विकास कुमार तथा मंडल कोषाध्यक्ष प्रमोद ठेकेदार सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। इसके अलावा मंडल सचिव श्रवण कुमार, मंडल महिला अध्यक्ष रेखा, जिला अध्यक्ष नरेंद्र गौतम, जिला महिला अध् यक्ष सुमित गौतम और जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष मिथलेश गौतम भी बैठक में शामिल हुए। बैठक में अंकित जाटव, रोचक, विक्रम, जितेंद्र, विकास सहित अन्य कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। सभी ने संगठन को मजबूत करने और समाज के उत्थान के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

# कांशीराम जी की जयंती पर कांग्रेसियों ने श्रद्धासुमन किए अर्पित

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। जिला कांग्रेस कार्यालय स्टेशन रोड में शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा आज मान्यवर कांशीराम जी की जयंती पर उन्हें नमन किया गया उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। इस अवसर पर शहर अध्यक्ष अफसाना शाह ने कहा मान्यवर कांशीराम जी ने देश में सामाजिक न्याय की विचारधारा एवं आवाज विक्रत




की और संवैधानिक सिद्धांतों को नई ऊंचाइयां दी उन्होंने आंदोलन एवं विचारों के माध्यम शोषित पीड़ित दलित वंचित सबको की आवाज उठाई और देशवासियों को संदेश दिया कि उनका हक उन्हें मिलना चाहिए उन्होंने इनकी एक जुटता के लिए प्रेरित किया। उनके विचार से आज भी हमें प्रेरणा मिल रही है और मिलती रहेगी हमारे नेता राहुल गांधी ने उन्हें भारत रत्न देने की बात कही। हम सब कांग्रेस जन समर्थन करते हैं वह उसके हकदार हैं। कार्यक्रम में प्रदेश सदस्य पवन देवी कोरी डॉ केपी सेन कार्यालय सचिव शिवबली बी लाल कंट्रोल रूम प्रभारी अशोक वर्धन कर्ण धीरू पांडे राज बहादुर पूर्व शहर अध्यक्ष शब्बीर सौदागर वीरेंद्र धुरिया रामपाल अवस्थी जी छेदीलाल धुरिया अली बॉक्स अशरफल्ला रमपा गोमती इस्लाम मंसूरी सुखदेव गांधी आरिफ निजामी वारिस अली गोविंद नारायण आदित्य द्विवेदी उपस्थित रहे।

# सोशल मीडिया की कहासुनी सड़क पर पहुंची

## – नगीना में दो पक्षों में जमकर मारपीट

न्यूज वाणी ब्यूरो /नगीना, बिजनौर। क्षेत्र में फेसबुक पर चल रहे विवाद ने शुक्रवार रात हिंसक रूप ले लिया। गांधी मूर्ति चौराहे पर दो पक्षों के युवकों के बीच जमकर मारपीट हो गई, जिससे कुछ समय के लिए अफरा–तफरी का माहौल बन गया। बताया जाता है कि दोनों युवकों के बीच पिछले कई दिनों से फेसबुक पर किसी बात को लेकर कहासुनी चल रही थी। शुक्रवार रात एक युवक अपने कुछ साथियों के साथ गांधी मूर्ति चौराहे पर पहुंच गया और दूसरे युवक के साथ मारपीट करने लगा। घटना की जानकारी मिलने पर दूसरे पक्ष के युवक भी मौके पर पहुंच गए, जिसके बाद दोनों पक्षों के बीच सड़क पर काफी देर तक हाथापाई होती रही। मारपीट के दौरान लाठी–डंडों का भी इस्तेमाल किया गया, जिसमें एक स्कॉर्पियो गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन पुलिस के पहुंचने से पहले ही मारपीट करने वाले युवक स्कॉर्पियो गाड़ी छोड़कर वहां से फरार हो गए। सीओ डॉ. अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि दोनों पक्षों के लोगों ने पुलिस को लिखित समझौता दे दिया है। पुलिस ने स्कॉर्पियो गाड़ी को कब्जे में लेकर सीज कर दिया है और तीन युवकों का शांति भंग की आशंका में चालान किया गया है।

# कांग्रेस का विकास भवन घेराव कल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामनिवास यादव ने कहा कि देश और प्रदेश की मजदूर विरोधी सरकार मनरेगा मजदूरों का कई महीनों से भुगतान नहीं कर रही हैं जिसके चलते लोग भारी परेशान हैं जिले में कई हजार मजदूरों का तीन–तीन महीनों से भुगतान नहीं हुआ है और न ही रोजगारसेवकों सहित मनरेगा से जुड़े संविदा कर्मियों का भी लंवे समय से भुगतान नहीं किया गया है जिसके चलते काम पूरी तरह ठप पड़े हैं। जिलाध्यक्ष यादव ने कहा कि मनरेगा का बकाया और मजदूरी भुगतान की मांग को लेकर जिला व शहर कांग्रेस द्वारा 17 मार्च को 10.30 बजे विकास भवन का घिराव किया जायेगा।

# ट्रेलर से कुचलकर महिला की मौत, ग्रामीणों ने लगाया जाम

न्यूज वाणी ब्यूरो

सेवराई, गाजीपुर। गहमर कोतवाली क्षेत्र के भदौरा गांव के हनुमान मंदिर के समीप अनियंत्रित एक ट्रेलर ने पशुओं को चारा देने जा रही एक महिला को कुचल दिय। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। आक्रोशित ग्रामीणों ने एनएच 124 सी को जाम कर दिया। जिससे दोनों तरफ वाहनों का आवागमन पूरी तरह से ठप हो गया। घटना की सूचना पाते ही मौके पर पहुंचे गहमर कोतवाल प्रमोद कुमार सिंह ने किसी तरह लोगों को समझाने बुझाने का प्रयास किया लेकिन लोग अपनी विभिन्न मांगों को लेकर अडिग रहे। मृतक की पहचान इंदु देवी 25 वर्ष पत्नी विकास कुमार राय के रूप में की गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि इंदु देवी प्रतिदिन की भांति रविवार की सुबह पशुओं के लिए चारा लेकर जा रही थी इसी दौरान गाजीपुर की तरफ से गहमर जा रही थी रतार और नियंत्रित ट्रेलर घर मे जा घुसी जिससे इंदु देवी की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दरवाजे के पास खड़ी एक कार भी क्षतिग्रस्त हो गई है, चालक को ग्रामीणों ने ट्रेलर में ही बंधक बना लिया। सुबह सीओ जमानिया अनिल कुमार और तहसीलदार सुनील कुमार सिंह घटनास्थल पर पहुंचे जहां काफी समझाने बुझाने की बावजूद भी लोग जाम समाप्त करने पर राजी



नहीं हुए। आक्रोशित लोगों ने बताया कि आए दिन ट्रेलर चालक तेज गति से चलते हुए लोगों को कुचल रहे हैं और दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं अभी कुछ दिन पूर्व ही घर जा रहे हैं एक युवक को टेलर ने कुछ और दिया था जिससे वह अभी भी वाराणसी की एक अस्पताल में जिंदगी और मौत से जूझ रहा है। लगातार मांग के बावजूद भी प्रशासन के द्वारा यहां स्पीड ब्रेकर नहीं बनवाया जा रहा है जिससे घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले। समाचार लिखे जाने तक अभी लोगों के द्वारा जाम समाप्त नही हुआ है।सेवराई में रविवार भोर में एक अनियंत्रित ट्रेलर घर में घुस गया, जिससे एक महिला की मौत हो गई। इस घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने एनएच 124सी को करीब 9 घंटे तक जाम रखा। जमानिया विधायक ओम प्रकाश सिंह के समझाने के बाद परिजनों और ग्रामीणों ने जाम समाप्त किया। यह घटना गहमर कोतवाली क्षेत्र के एनएच 124सी पर हुई। अनियंत्रित ट्रेलर सस्ते गल्ले के दुकानदार ईश्वर चंद्र राय के घर में घुस गया। उनकी पुत्रवधू इंदु देवी, जो विकास कुमार की पत्नी थीं, की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने तत्काल जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को मौके पर बुलाने की मांग की। उन्होंने पीड़ित परिवार के लिए उचित मुआवजा, परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी और नेशनल हाईवे 124सी के आबादी वाले इलाके में स्पीड ब्रेकर बनाने की भी मांग की। सेवराई तहसीलदार सुनील कुमार सिंह ने ग्रामीणों को समझाने का काफी प्रयास किया, लेकिन वे अपनी मांगों पर अड़े रहे। दोपहर करीब 2 बजे जमानिया विधायक ओम प्रकाश सिंह घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने परिजनों और ग्रामीणों को समझा–बुझाकर जाम खुलवाया, जिसके बाद आवागमन सुचारू हो सका। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# कैबिनेट मंत्री ने गोपाल आश्रम में 697.17 लाख की परियोजनाओं का किया शिलान्यास

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने ऐतिहासिक




गोपाल आश्रम प्रांगण में आयोजित भव्य कार्यक्रम के दौरान जनपद के सांस्कृतिक स्थलों के कायाकल्प हेतु 697.17 लाख रुपए की विभिन्न पर्यटन विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया इन परियोजनाओं में गोपाल आश्रम का पर्यटन विकास एवं सौंदर्यीकरण, श्री चिंतामणि मंदिर का पर्यटन विकास एवं सौंदर्यीकरण जबकि छिदामी लाल जैन मंदिर एवं पसीने वाले हनुमान जी मंदिर का पर्यटन विकास एवं शिलान्यास किया, इस अवसर पर बोलते हुए मंत्री ने कहा कि फिरोजाबाद केवल सुहाग नगरी ही नहीं बल्कि आस्था और अध्यात्म की एक अनमोल धरोहर हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में हमारा लक्ष्य है कि जिले के प्रत्येक पौराणिक और ऐतिहासिक स्थल को पर्यटन के मानचित्र पर स्थान मिले, आज गोपाल आश्रम व चिंतामणि मंदिर का जो सौंदर्यीकरण पूर्ण हुआ है, आने वाले श्रद्धालुओं को न केवल मानसिक शांति प्रदान करेगा, बल्कि पर्यटकों की संख्या में वृद्धि कर स्थानीय व्यापार को नई गति देगा, उन्होंने आगामी योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि छिदामी जैन मंदिर और पसीने वाले हनुमान जी का शिलान्यास इसी श्रृंखला का हिस्सा हैं, हम यहां ऐसी विश्व स्तरीय सुविधाएं विकसित कर रहे हैं कि बाहर से आने वाले पर्यटक यहां रुकने और यहां की संस्कृति को समझने के लिए प्रेरित हो, जनपद में लगाये जा रहे साइनेज से पर्यटकों को ऐतिहासिक स्थलों तक पहुंचने में कोई असुविधा नहीं होगी, इस अवसर पर उपस्थित सदर विधायक मनीष असीजा ने पर्यटन और सांस्कृतिक दृष्टि से कार्यों की सराहना की, वही प्रेमपाल धनगर ने कहा कि इस परियोजनाओं से फिरोजाबाद की नगर निगम सीमा और ग्रामीण क्षेत्रों में पर्यटन की नई राह खुलेगी, इस अवसर पर अनिल मित्तल, त्रिभुवन नाथ मित्तल, नानक चंद अग्रवाल, सुनील टंडन एवं पुष्पेंद्र पाल आदि लोग उपस्थित रहे।

# मिश्रवलिया-सेवराई माइनर सड़क निर्माण पर सवाल, किसान नेता ने उखाड़ी पिच

न्यूज वाणी ब्यूरो

सेवराई। तहसील क्षेत्र के मिश्रवलिया सेवराई माइनर पर निर्माणाधीन सड़क की गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे हैं। किसान नेता भानु प्रताप सिंह ने निर्माण कार्य में अनियमितता का आरोप लगाते हुए कार्यदायी संस्था पर सरकारी धन के दुरुपयोग का आरोप लगाया है। उन्होंने विरोध प्रदर्शन करते हुए सड़क की पिच उखाड़ दी और जांच की मांग की। किसान नेता भानु प्रताप सिंह ने बताया कि यह सड़क जमानिया विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आती है। उन्होंने आरोप लगाया कि कार्यदायी संस्थाएं अक्सर लीपापोती कर सड़कों का निर्माण करती हैं, जिसका खामियाजा क्षेत्रीय जनता को भुगतना पड़ता है। उन्होंने चेतावनी दी कि निर्माण कार्य में किसी भी तरह की हीलाहवाली बर्दाश्त नहीं की जाएगी। भानु प्रताप सिंह के अनुसार, लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) द्वारा लाखों रुपये की लागत से बन रही इस सड़क में मानकों की अनदेखी की जा रही है। आरोप है कि सड़क निर्माण में एमल्शन और अन्य तकनीकी मानदंडों को दरकिनार कर घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। इससे आशंका है कि सड़क बरसात से पहले ही क्षतिग्रस्त हो सकती है। किसान नेता ने इस मामले की शिकायत जिलाधिकारी और पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों से की है। उन्होंने दोषियों के खिलाफ जांच कर कार्रवाई की मांग की। भानु प्रताप सिंह ने कहा कि यदि समय रहते निर्माण कार्य की जांच नहीं कराई गई, तो सरकारी धन का दुरुपयोग होगा और जनता को खराब सड़क का खामियाजा भुगतना पड़ेगा। इस संबंध में पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन संतोष कुमार वैष्णवी ने बताया कि



उन्हें मामले की जानकारी मिली है। उन्होंने शिकायत की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। वहीं, जिलाधिकारी ने भी इस मामले में उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया है।

# कुरावली में सफेद कोट पहनकर मौत बांट रहे पैथोलॉजी माफिया

## - बिना रजिस्ट्रेशन और बिना डिग्री के धड़ल्ले से चल रहीं दर्जनों अवैध लैब

न्यूज वाणी ब्यूरो

कुरावली, मैनपुरी। नगर की आबोहवा में गर्मी घुली तो बीमारियों ने पैर पसारे, लेकिन स्वास्थ्य विभाग की सुस्ती ने कुरावली में अवैध पैथोलॉजी के काले कारोबार को संजीवनी दे दी है। नगर की सड़कों और गलियों में कुकुरमुत्ते की तरह उगी ये पैथोलॉजी लैब बिना किसी रजिस्ट्रेशन और बिना किसी क्वालिफाइड टेक्नीशियन के संचालित हो रही हैं। यहाँ मरीजों के खून की जांच रिपोर्ट माइक्रोस्कोप से नहीं, बल्कि अंदाजे और अकुशल हाथों से तैयार की जा रही है। प्रशासन की आँखों पर पट्टी, माफिया के हौसले बुलंद नगर के किसी भी मार्ग पर निकल जाइए, आपको बड़े–बड़े साइन बोर्ड लगे अवैध सेंटर मिल जाएंगे। हैरानी की बात यह है कि इन केंद्रों के पास न तो स्वास्थ्य विभाग का पंजीकरण है और न ही मानकों के अनुरूप मशीनें। प्रशासन की लापरवाही का आलम यह है कि कभी–कभार दिखावे के लिए एक–दो लैब सील कर दी जाती हैं, लेकिन कुछ ही दिनों में श्सेटिंग–गेटिंगश के खेल से इनके ताले दोबारा खुल जाते हैंऔर फिर वही अपना राग–अपनी ढपली का पुराना खेल शुरू हो जाता है। मरीजों की जान पर भारी अनाड़ी रिपोर्टिंग पैथोलॉजी विज्ञान पूरी तरह तकनीकी और सटीक जांच पर आधारित है, लेकिन कुरावली के इन सेंटरों पर अकुशल लोग रिपोर्ट तैयार कर मरीजों को थमा रहे हैं। गलत रिपोर्ट के आधार पर होने वाला इलाज किसी भी मरीज के लिए जानलेवा साबित हो सकता है। बिना टेक्नीशियन के आखिर ये लैब कैसे चल रही हैं? यह सवाल प्रशासन की कार्यशैली पर गहरा दाग लगा रहा है। साहब! आखिर कब तक चलेगा यह खेल? नगर की जनता पूछ रही है कि क्या प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है? इन श्मौत की दुकानोंश पर स्थायी अंकुश क्यों नहीं लग पा रहा? क्या ऊंचे रसूख और सांठगांठ के चलते इन माफियाओं पर शिकंजा नहीं कसा जा पा रहा? स्वास्थ्य विभाग की इस रहस्यमयी चुप्पी ने कुरावली के नागरिकों को झोलाछाप और अवैध लैब संचालकों के रहमोकरम पर छोड़ दिया है।

# कंबोडिया में ब्रेन हेमरेज से युवक की मौत

## – 26 दिन बाद गांव पहुंचा शव

न्यूज वाणी ब्यूरो

बास्टा, बिजनौर। गांव रसूलपुर नंगला निवासी एक युवक की कंबोडिया में ब्रेन हेमरेज से मौत हो गई। करीब 26 दिन की लंबी प्रक्रिया और लाखों रुपये खर्च होने के बाद रविवार को उसका शव पैतृक गांव पहुंचा तो परिजनों में कोहराम मच गया और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी के अनुसार रसूलपुर नंगला निवासी यूसुफ मलिक का 28 वर्षीय पुत्र नाजिम मलिक करीब सात महीने पहले रोजगार की तलाश में कंबोडिया गया था। जहां वह एक निजी कंपनी में काम कर रहा था। परिजनों ने बताया कि 17 फरवरी को नाजिम ने फोन पर घरवालों से बातचीत की थी और सब कुछ ठीक होने की बात कही थी। उसी कंपनी में गांव के चार अन्य युवक भी काम कर रहे हैं। बताया जाता है कि अगले ही दिन अचानक नाजिम की तबीयत बिगड़ गई और उसे ब्रेन हेमरेज हो गया, जिससे उसकी मौत हो गई। विदेश में हुई इस घटना की सूचना मिलते ही परिवार में मातम छा गया और परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल हो गया। करीब 26 दिनों की कानूनी प्रक्रिया और आर्थिक खर्च के बाद रविवार को नाजिम का शव उसके पैतृक गांव लाया गया। शव गांव पहुंचते ही बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई और माहौल गमगीन हो गया। परिजनों ने बताया कि नाजिम चार बहनों और एक छोटे भाई का सहारा था। परिवार उसकी विदेश से वापसी के बाद शादी की तैयारी कर रहा था लेकिन अचानक आई इस दुखद खबर ने पूरे परिवार को झकझोर कर रख दिया।

# लोक अदालत में सुलह से निपटे हजारों मामले, करोड़ों का भुगतान

न्यूज वाणी ब्यूरो

बिजनौर। जनपद न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लंबित और



प्री–लिटिगेशन मामलों का निपटारा कराया गया। लोक अदालत में कुल 70,991 मामलों का आपसी सुलह–समझौते के आधार पर निस्तारण किया गया और पक्षकारों को साढ़े 10 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि दिलाई गई। राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला जज संजय कुमार सप्तम ने सुबह करीब 10 बजे किया। उन्होंने लोक अदालत की उपयोगिता बताते हुए कहा कि आपसी समझौते के माध्यम से मामलों का निपटारा होने से समय और धन दोनों की बचत होती है तथा लोगों को शीघ्र न्याय मिल पाता है। लोक अदालत में विभिन्न न्यायालयों और विभागों से जुड़े मामलों की सुनवाई के लिए अलग–अलग बेंच गठित की गई थीं। इन बेंचों ने आपसी सहमति के आधार पर बड़ी संख्या में मामलों का निस्तारण कराया। इस दौरान यातायात एवं अन्य प्रकरणों में साढ़े सात लाख रुपये से अधिक की जुर्माना राशि भी वसूल की गई। परिवार न्यायालय में भी कई पारिवारिक विवादों का समाधान कराया गया। परिवार न्यायालय की बेंच ने 68 मामलों का निस्तारण करते हुए करीब सात लाख रुपये की धनराशि पक्षकारों को दिलाई। वहीं मोटर दुर्घटना दावा प्राधिकरण की ओर से 26 मामलों में करीब 2 करोड़ 28 लाख रुपये की क्लेम राशि प्रदान की गई। इसके अलावा चेक बाउंस से संबंधित 30 मामलों में भी आपसी समझौते के आधार पर करीब पौने 10 लाख रुपये की धनराशि दिलाई गई। लोक अदालत में न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं और संबंधित विभागों के अधिकारियों ने सक्रिय भूमिका निभाई। लोक अदालत के सफल आयोजन से बड़ी संख्या में लोगों को राहत मिली और वर्षों से लंबित मामलों का त्वरित निस्तारण संभव हो सका।

# नहर में कूदे युवक का पांच दिन बाद शव बरामद

न्यूज वाणी ब्यूरो /स्योहारा, बिजनौर। थाना क्षेत्र के नरावली गांव के पास पोषक नहर में कूदे युवक का शव घटना के पांच दिन बाद शनिवार सुबह बरामद हो गया। शव घटनास्थल से लगभग दो किलोमीटर दूर नहर के बीच बने रेत के टापू पर मिला, जिसके बाद इलाके में सनसनी फैल गई।बताया गया कि युवक की तलाश में पिछले कई दिनों से पुलिस और एनडीआरएफ की टीम लगातार सर्च अभियान चला रही थी। तलाशी अभियान को आसान बनाने के लिए सिंचाई विभाग की मदद से नहर का पानी भी कम कराया गया था, ताकि नहर के तल और आसपास के इलाकों में ठीक से खोजबीन की जा सके। शनिवार सुबह पानी कम होने के बाद नहर के बीच बने रेत के टापू पर एक शव दिखाई दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से शव को बाहर निकलवाया। बाद में शव की पहचान मीरापुर निवासी रामचरण सिंह पुत्र स्वर्गीय गुलाब सिंह के रूप में हुई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उल्लेखनीय है कि रामचरण सिंह सोमवार शाम नरावली गांव के पास पोषक नहर में कूद गया था, जिसके बाद से ही उसकी तलाश की जा रही थी।

फतेहपुर के डा. जमाल चश्में वालों की मशहूर दुकान
फैसल चश्में वाले
(साइन्टिफिक आप्टीशियन)
किशनपुर रोड, चौड़ा खेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे पहुंच गई है।
(जापानी कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जाँच)
हमारे यहाँ पर आखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनायें जाते है।
नोट- सरदर्द, आँखों में दर्द, मोतिया बिन्द, समलबाई, धुन्ध, आपरेशन आँख दूर व पास के अक्षर साफ न दिखाई देने पर साइन्टिफिक आप्टीशियन द्वारा आँखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनाये जाते है व साफट कान्टेक्ट लेन्स लगायें जाते है एवं कान की मशीन भी उपलब्ध है।
नोट- मोतिया बिन्द के आपरेशन व आँखों के अन्य आपरेशनों के साथ-साथ लैसिक द्वारा चश्मा हटवाने के लिए सम्पर्क करें। आँख के अन्दर (I.O.L.) लेन्स लगवाने के 21 दिन बाद अवश्य चश्मा लगवा लें वरना रोशनी कम होने का खतरा बना रहता है।
फैसल चश्में वाले
किशनपुर रोड, चौड़ाखेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे, खागा-फतेहपुर
डा. जमाल अहमद, जी.टी. रोड, फतेहपुर, MBBS. (H) P.M.P
हाजी ख़लीक़ अहमद जाफरी, सम्पादक कारवाने हक, 9415065213
एफ.ए.जाफरी, D.R. (Opt.), 7379440876

# अवैध खनन में संलिप्त जेसीबी व डंपर पहुंचा थाने

न्यूज वाणी ब्यूरो



बहराइच। शनिवार की देर रात्रि उप जिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी को मोबाइल पर सूचना प्राप्त हुई कि बंजारन टांडा स्थित दूध फैक्ट्री के निकट अवैध रूप से मिट्टी का खनन किया जा रहा है। अवैध खनन की सूचना को गम्भीरता से लेते हुए एसडीएम ने तहसीलदार नानपारा शैलेष अवस्थी को तत्काल मौके पर पहुंचकर कार्रवाई करने के निर्देश दिये गये। एसडीएम के निर्देश पर दल बल के साथ मौके पर पहुंचे तहसीलदार ने छापेमारी के दौरान अवैध खनन संलिप्त 01 अदद जेसीबी मशीन व 01 अदद डंपर को पकड़ लिया गया। तहसीलदार के माध्यम से जेसीबी व डंपर को पकड़े जाने की सूचना प्राप्त होने पर एसडीएम श्रीमती जौहरी ने तत्काल ने थानाध्यक्ष नानपारा राजनाथ सिंह को पुलिस की सुपुर्दगी में अवैध खनन में संलिप्त जेसीबी और डंपर को थाने लाये जाने का निर्देश दिया गया। एसडीएम ने बताया कि देर रात्रि को अवैध खान के विरूद्ध की गई कार्रवाई जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी को दी गई। डीएम ने तहसील प्रशासन द्वारा की गई कार्यवाही की सराहना करते हुए निर्देशित किया गया कि तहसील क्षेत्र में अवैध खनन के विरूद्ध भविष्य में नियमानुसार त्वरित कार्यवाही की जाय।

# कांशीराम जी का सपाईयों ने मनाया जन्मदिन

न्यूज वाणी ब्यूरो /फिरोजाबाद। सपा जिला कार्यालय पर मान्यवर कांशीराम जी का जन्मदिन पीडीए दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष एडवोकेट शिवराज सिंह यादव ने की। मंच पर सिरसागंज विधायक सर्वेश यादव, जसराना विधायक इंजीनियर सचिन यादव, पूर्व विधायक अजीम, पूर्व ब्लॉक प्रमुख मीना राजपूत, पूर्व जिलाध्यक्षों सहित सपा के छोटे बड़े पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण मौजूद रहे। सभी ने एकजुट होकर कांशीराम जी के पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। वहीं भाजपा सरकार को वक्ताओं ने आड़े हाथ लिया।

# शैक्षिक भ्रमण के विद्यार्थियों का आज उत्साहवर्धन करेंगे कैबिनेट मंत्री

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के अंतर्गत जिला विज्ञान क्लब के तत्वाधान में जिलाधिकारी रमेश रंजन, मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य की सहमति एवं निर्देशन एवं जिला विद्यालय निरीक्षक धीरेन्द्र कुमार के संयोजन में 16 मार्च को प्रातः 9 बजे आरबीएस इंजीनियरिंग एंड टेक्निकल कॉलेज बिचपुरी आगरा का भ्रमण एवं वैज्ञानिक व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसका प्रारम्भ विद्यार्थियों की दो बसों को मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री पर्यटन एवं संस्‍ति विभाग उत्तर प्रदेश सरकार ठाकुर जयवीर सिंह एवं इंजीनियर सुमित प्रताप सिंह द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। इसके साथ ही उनके द्वारा विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन भी किया जाएगा। डीआईओएस धीरेन्द्र कुमार ने जनपद के विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को निर्देशित किया है कि अपने विद्यालय के कक्षा 9 एवं 11 तक के चयनित मेधावी छात्र एवं छात्राओं को भ्रमण कार्यक्रम के समय से भेजना सुनिश्चित करें। जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि इस वैज्ञानिक शैक्षिक भ्रमण एवं वैज्ञानिक व्याख्यान कार्यक्रम में जनपद के 100 विद्यार्थी अपने शिक्षकों के साथ प्रतिभाग करेंगे। जिसमें विद्यार्थी शैक्षिक भ्रमण के साथ शोध प्रयोगशालाओं की विस्तृत जानकारी के साथ उन पर व्याख्यान का श्रवण भी करेंगे। जिनमें व्याख्यानकर्ता विज्ञान संचारक डॉ निखिल जैन एवं श्रीमती नेहा अग्रवाल रहेंगे। सभी प्रतिभागियों को जिला विज्ञान क्लब की ओर से सम्मानित भी किया जाएगा।

# काशीराम पार्क पहुंचकर मान्यवर कांशीराम जी की मनाई जयंती

न्यूज वाणी ब्यूरो



बांदा। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रदेश अध्यक्ष अजय राय पूर्व मंत्री के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित के नेतृत्व में सामाजिक न्याय के पुरोधा मान्यवर काशीराम जी की जन्म जयंती के अवसर पर शहर में स्थित काशीराम पार्क पहुंचकर कांग्रेसियों ने माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए याद किया। इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने कहा कि मान्यवर काशीराम क्लास वन की नौकरी छोड़कर सामाजिक जन चेतना के लिए उन्होंने पहले वामसेफ का गठन व 1984 में बहुजन समाज पार्टी बनाकर दलित, पिछड़ी जातियों, अल्पसंख्यक समुदाय के लिए पूरे देश में जन चेतना का संचार किया गया। उन्होंने कभी अपने विचारों से समझौतावादी नीति को प्रशय नहीं दिया गया, उसी का नतीजा रहा उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य में चार बार बहुजन समाज पार्टी की सरकार बनी, ऐसे महापुरुषों को भारत रत्न से नवाजा जाना चाहिए था जो आज तक नहीं हुआ। लखनऊ स्थित इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा मान्यवर काशीराम को भारत रत्न दिए जाने की मांग की गई है। जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष सीमा खान ने कहा कि मान्यवर काशीराम की यह सोच थी जिसकी जितनी संख्या भारी उसकी उतनी हिस्सेदारी महिलाओं के प्रति उनके अधिकारों के लिए सदैव अपनी आवाज बुलन्द करने वाले काशीराम जी ने दलित की बेटी मायावती को प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाकर एक मिसाल कायम की गई, मान्यवर काशीराम, बाबा भीमराव अम्बेडकर के मिशन को जबतक जीवित रहे बढ़ाए जाने का काम किया गया, केन्द्र व राज्य सरकार को काशीराम जयंती पर सरकारी अवकाश घोषित किए जाने की मांग की गई। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष बल्देव वर्मा एडवोकेट, जिला महामंत्रीध्मीडिया प्रभारी सत्यप्रकाश द्विवेदी एडवोकेट, जितेन्द्र गौरव, जिला सचिव भइयालाल पटेल, कंट्रोल रूम प्रभारी बी लाल भाई, जिला प्रवक्ता राममिलन सिंह पटेल एडवोकेट, बांदा कांग्रेस सोशल मीडिया जिलाध्यक्ष सन्तोष कुमार द्विवेदी, धीरेन्द्र पांडेय धीरू, ईशू फैज खान, मण्डल अध्यक्ष रज्जाक भाई, लल्लू कोटार्य, सुमन वर्मा, गोमती साहू, लालबाबू राजपूत उपस्थित रहे।

# गांव-गांव, पांव-पांव यात्रा का दसवां दिन, बांदा में सभा

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। पृथक बुंदेलखंड राज्य निर्माण की मांग को लेकर निकाली जा रही बुंदेलखंड गांव–गांव, पांव–पांव यात्रा अपने दसवें दिन श्री रामलीला मैदान, अतर्रा रोड, गणेश चौक पहुंची। जहां एक सभा का आयोजन किया गया। यात्रा के बांदा पहुंचने पर स्थानीय नागरिकों और कार्यकर्ताओं ने आंदोलनकारियों का गर्मजोशी से स्वागत किया। यात्रा का नेतृत्व कर रहे बुंदेलखंड विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष राजा बुंदेला तथा उनके साथ चल रहे बुंदेलखंड राष्ट्र समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण पांडेय और यात्रा संयोजक जयराम सिंह के साथ पहुंचे आंदोलनकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। सभा को संबोधित करते हुए राजा बुंदेला ने कहा कि बुंदेलखंड की गरीबी, बेरोजगारी और पलायन का स्थायी समाधान केवल पृथक बुंदेलखंड राज्य के निर्माण से ही संभव है। बुंदेलखंड राष्ट्र समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण पांडेय ने कहा कि यह यात्रा बुंदेलखंड के सम्मान, स्वाभिमान और अधिकार की लड़ाई है, जिसे जन–जन के सहयोग से निर्णायक मुकाम तक पहुंचाया जाएगा। यात्रा संयोजक जयराम सिंह ने कहा कि गांव–गांव से मिल रहा जनसमर्थन इस बात का प्रमाण है कि बुंदेलखंड की जनता अब अपने हक के लिए जाग चुकी है। बुंदेलखंड यात्रा संयोजक आश्रय सिंह ने कहा कि यह आंदोलन अब जनआंदोलन बन चुका है और जनता की ताकत से ही बुंदेलखंड राज्य का सपना साकार होगा। अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार रखते हुए कहा कि बुंदेलखंड के विकास, किसानों के हित और युवाओं के भविष्य के लिए पृथक बुंदेलखंड राज्य का निर्माण अत्यंत आवश्यक है। सभा में नीरज निगम ने कहा कि बुंदेलखंड राज्य बनने से क्षेत्र में विकास की नई संभावनाएं खुलेंगी। सत्येंद्र पाल सिंह ने कहा कि बुंदेलखंड की जनता अब अपने अधिकारों के लिए संगठित हो रही है। कालूराम प्रजापति ने कहा कि बुंदेलखंड राज्य ही किसानों और मजदूरों के हितों की रक्षा करेगा। विनय तिवारी ने कहा कि बुंदेलखंड राज्य बनने से युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे। डाल चन्द्र मिश्रा ने कहा कि बुंदेलखंड की उपेक्षा अब और बर्दाश्त नहीं की जाएगी। राजन धमेरिया ने कहा कि बुंदेलखंड की पहचान और स्वाभिमान के लिए राज्य निर्माण जरूरी है। राकेश बाजपेई ने कहा कि यह आंदोलन बुंदेलखंड की जनता की आवाज बन चुका है। धनंजय सिंह ने कहा कि बुंदेलखंड राज्य से क्षेत्र का समग्र विकास संभव होगा। मयंक द्विवेदी ने कहा कि युवा वर्ग इस आंदोलन को मजबूत करने के लिए तैयार है। अम्बरीष गर्ग ने कहा कि बुंदेलखंड की जनता अब अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करेगी। धीरज राजपूत ने कहा कि बुंदेलखंड राज्य बनने से क्षेत्र की समस्याओं का समाधान होगा। रामकेश प्रजापति ने कहा कि यह आंदोलन बुंदेलखंड के भविष्य की लड़ाई है। प्रदीप मिश्रा ने कहा कि बुंदेलखंड राज्य से विकास की गति तेज होगी। इंदल राजपूत ने कहा कि बुंदेलखंड की जनता अपने अधिकारों के लिए एकजुट है। सुरेंद्र सिंह ने कहा कि बुंदेलखंड राज्य निर्माण समय की मांग है। रामकरण यादव ने कहा कि बुंदेलखंड के किसानों और मजदूरों के लिए अलग राज्य जरूरी है। फहीम खान ने कहा कि बुंदेलखंड की जनता अब अपने हक के लिए जाग चुकी है। दीपू सिंह ने कहा कि बुंदेलखंड राज्य बनने से युवाओं का भविष्य सुरक्षित होगा।



चंद्र पाल सिंह ने कहा कि बुंदेलखंड के विकास के लिए अलग राज्य आवश्यक है। प्रगति श्रीवास्तव ने कहा कि महिलाएं भी इस आंदोलन में बढ़–चढ़कर भाग ले रही हैं। दुर्गेश सिंह ने कहा कि बुंदेलखंड की जनता अब अपने अधिकार लेने के लिए तैयार है। धर्मेंद्र पटेल ने कहा कि बुंदेलखंड राज्य से क्षेत्र में नई ऊर्जा आएगी। राजू सिंह ने कहा कि यह आंदोलन बुंदेलखंड के स्वाभिमान की लड़ाई है। दयाराम सोनकर ने कहा कि बुंदेलखंड के विकास के लिए अलग राज्य ही समाधान है। भानु मिश्रा ने कहा कि बुंदेलखंड की जनता अब अन्याय सहने वाली नहीं है। संतोष श्रीवास्तव ने कहा कि यह आंदोलन पूरे बुंदेलखंड को एक सूत्र में जोड़ रहा है। विवेक सिंह ने कहा कि बुंदेलखंड राज्य निर्माण से युवाओं को नई दिशा मिलेगी। आर.सी. योगा ने कहा कि बुंदेलखंड की सांस्‍तिक पहचान को बचाने के लिए राज्य जरूरी है। संजय लश्करी ने कहा कि बुंदेलखंड राज्य बनने से क्षेत्र में नई संभावनाएं पैदा होंगी। दीनदयाल सोनी ने कहा कि बुंदेलखंड की जनता अब अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करेगी। भरत बाबू गुप्ता ने कहा कि बुंदेलखंड राज्य से व्यापार और उद्योग को बढ़ावा मिलेगा। अजय प्रताप ने कहा कि बुंदेलखंड की समस्याओं का समाधान अलग राज्य से ही होगा। विनोद जैन ने कहा कि बुंदेलखंड की जनता इस आंदोलन के साथ खड़ी है। रमेश चंद्र दुबे ने कहा कि बुंदेलखंड राज्य निर्माण हमारा अधिकार है। उदय सिंह ने कहा कि बुंदेलखंड की एकजुटता से यह सपना जरूर साकार होगा। सुशील द्विवेदी ने कहा कि बुंदेलखंड राज्य के लिए संघर्ष लगातार जारी रहेगा। सभा के अंत में सभी कार्यकर्ताओं और नागरिकों ने एक स्वर में बुंदेलखंड राज्य निर्माण के लिए संघर्ष को तेज करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर राजा बुंदेला, प्रवीण पांडेय, आश्रय सिंह, नीरज निगम, सत्येंद्र पाल सिंह, सुरेंद्र पाल सिंह, विनोद जैन, कालूराम प्रजापति, विनय तिवारी, डाल चन्द्र मिश्रा, राजन धमेरिया, सुशील द्विवेदी, रमेश चंद्र द्विवेदी, राकेश बाजपेई, धनंजय सिंह, मयंक द्विवेदी, अम्बरीष गर्ग, धीरज राजपूत, रामकेश प्रजापति, प्रदीप मिश्रा, इंदल राजपूत, सुरेंद्र सिंह, रामकरण यादव, फहीम खान, दीपू सिंह, चंद्र पाल सिंह, प्रगति श्रीवास्तव, दुर्गेश सिंह, धर्मेंद्र पटेल, राजू सिंह, दयाराम सोनकर, भानु मिश्रा, संतोष श्रीवास्तव, विवेक सिंह, आरसी योगा, संजय लश्करी, दीनदयाल सोनी, भरत बाबू गुप्ता, अजय प्रताप, देव यादव, पुष्पराज सिंह, उदय सिंह, अजय सिंह, अशोक तपस्वी सहित अनेक कार्यकर्ताओं और नागरिकों ने भी अपने विचार रखे और बुंदेलखंड राज्य निर्माण की मांग का समर्थन किया।

# गैस सिलेंडर की किल्लत के विरोध में आप का विरोध प्रदर्शन

## - होटल, ढाबा, रेस्टोरेंट, स्ट्रीट फूड से जुड़े कारोबारियों के सामने आर्थिक संकट

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। देश में लगातार बढ़ती महंगाई, एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में वृद्धि और गैस सिलेंडर की किल्लत के विरोध में आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता व राज्यसभा सांसद संजय सिंह के आवाह्न पर शनिवार को आम आदमी पार्टी, उत्तर प्रदेश के कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालयों पर जोरदार प्रदर्शन किया और राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा। यह प्रदर्शन आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष विक्रम जीत सिंह के नेतृत्व में किया गया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार की आर्थिक नीतियों के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए कहा कि आज देश की जनता महंगाई और गैस संकट से जूझ रही है। गैस सिलेंडरों की भारी किल्लत के कारण लोगों को लंबी लाइनों में लगने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है, जिसका सबसे अधिक असर गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों पर पड़ रहा है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष विक्रम जीत सिंह ने कहा कि हाल ही में घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर के दामों में 60 तथा कमर्शियल गैस सिलेंडर के दामों में 120 की वृद्धि ने आम जनता और छोटे व्यापारियों की परेशानियों को और बढ़ा दिया है। होटल, ढाबा, रेस्टोरेंट और स्ट्रीट फूड से जुड़े लाखों छोटे कारोबारियों के सामने आज गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। देश के कई हिस्सों से छोटे व्यवसायों के बंद होने की खबरें सामने आ रही हैं, जो सरकार की नीतियों की विफलता को दर्शाती हैं। उन्होंने कहा कि देश में उपयोग होने वाली लगभग 60 प्रतिशत एलपीजी विदेशों से आयात की जाती है, जिसका बड़ा हिस्सा स्ट्रेट ऑफ हार्मुज के रास्ते भारत पहुंचता है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ईरान, इजरायल और अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव का असर ऊर्जा आपूर्ति पर पड़ रहा है, लेकिन केंद्र सरकार ने इस गंभीर स्थिति से निपटने के लिए कोई ठोस रणनीति नहीं बनाई है। आम आदमी पार्टी का आरोप है कि अमेरिका के दबाव में रूस से सस्ता तेल खरीदने में कमी करने के कारण देश को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है, जिसका सीधा असर महंगाई के रूप में देश की जनता पर पड़ रहा है। जिलाध्यक्ष विक्रम जीत सिंह ने केंद्र सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि गैस और ऊर्जा क्षेत्र में कुछ निजी कंपनियों को लाभ पहुंचाने वाली नीतियों के कारण आम जनता पर महंगाई का बोझ लगातार बढ़ता जा रहा है। इससे छोटे और मध्यम उद्योगों पर भी गंभीर आर्थिक दबाव पड़ रहा है और बेरोजगारी की स्थिति तेजी से बढ़ रही है। इस दौरान जिलाध्यक्ष विक्रम जीत सिंह ने व्यंग्य करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कई बार यह कहते हैं कि नाले की गैस से भी चाय बनाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि हम लोगों ने भी मऊ में नाले से गैस निकालने की कोशिश की, लेकिन यहां के नालों से गैस नहीं निकल पाई क्योंकि यहां के नाले भ्रष्टाचार से लिप्त हैं। यह स्थिति बताती है कि सरकार की योजनाएं जमीन पर कितनी विफल हैं। उन्होंने कहा कि देश के विभिन्न राज्यों में हजारों छोटे व्यवसाय प्रभावित हो रहे हैं और उद्योग बंद होने की स्थिति पैदा हो रही है। यदि केंद्र सरकार ने समय रहते महंगाई और ऊर्जा संकट पर नियंत्रण के लिए प्रभावी कदम नहीं उठाए तो देश की आर्थिक स्थिति और अधिक गंभीर हो सकती है। आम आदमी पार्टी ने राष्ट्रपति के नाम दिए गए ज्ञापन के माध्यम से मांग की कि घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर के दामों में की गई हालिया वृद्धि को तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाए, पेट्रोल और डीजल की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए पारदर्शी नीति लागू की जाए, गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों को रसोई गैस पर विशेष सब्सिडी दी जाए तथा बढ़ती महंगाई पर नियंत्रण के लिए केंद्र सरकार स्पष्ट और जवाबदेह नीति घोषित करे। इस प्रदर्शन में अवधेश मौर्या, अविनाश सिंह लाला, पुष्पेंद्र राणावत, मनोज कुमार, विजय यादव, रीता भारती, इकबाल अहमद, अंकुर यादव, सुभाष यादव, बिपिन कुमार, ऋषिकेश पांडेय, जयराम यादव सहित आम आदमी पार्टी के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। पार्टी ने चेतावनी दी कि यदि केंद्र सरकार ने बढ़ती महंगाई और गैस की कीमतों के मुद्दे पर जल्द ठोस कदम नहीं उठाए तो आम आदमी पार्टी देशभर में जन आंदोलन तेज करने के लिए बाध्य होगी।

# एसआई भर्ती परीक्षा में पंडित शब्द पर गहराया विवाद

## - ब्राह्मण वेलफेयर महासभा नें दर्ज कराया विरोध

न्यूज वाणी ब्यूरो

बाबागंज, बहराइच। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा के उपनिरीक्षक भर्ती के प्रश्न–पत्र सेक्शन एक सामान्य हिंदी के प्रश्न संख्या तीन के दिए गए आपत्तिजनक विकल्प की निष्पक्ष जाँच एवं कठोर कार्रवाई सुनिश्चित हो इसके लिए ब्राह्मण वेलफेयर महासभा उत्तर प्रदेश नें मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन कों पत्र भेजकर कठोरतम कार्यवाही की मांग की है। बताते चलें कि पुलिस उपनिरीक्षक प्रश्नपत्र में सामान्य हिंदी में आपत्तिजनक प्रश्न सम्मिलित किया गया है जिसमे एक प्रश्न के विकल्पों को लेकर समाज के हृदय में व्यापक रोष व्याप्त है। बलदेव प्रसाद पाण्डेय प्रदेश प्रभारी वेलफेयर महासभा ने बताया कि प्रथम .ष्टया उक्त प्रश्न को देखकर यह स्पष्ट प्रतीत हो रहा है कि उक्त प्रश्न एक वर्ग की विशेष भावनाओं को ठेस पहुंचाने तथा अपमानित करने के लिए प्रश्न पत्र के विकल्प में पंडित जैसे सम्मानजनक शब्द को सम्मिलित किया गया है। जबकि पंडित शब्द का शाब्दिक अर्थ विद्वान, ज्ञानी, धार्मिक, सम्मान से जुड़ा है। इसे अवसरवादी जैसे नकारात्मक अर्थ से जोड़ना पूर्णरूपेण अनुचित व असंवेदनशील तथा जनबूझकर किया गया .त्य प्रतीत होता है। संबंधित प्रश्न की भाषा, आशय एवं प्रस्तुति को देखने पर ऐसा स्पष्ट प्रतीत होता है कि वह समाज के सम्मानित एवं प्रबुद्ध वर्ग की भावनाओं को आहत करने के उद्देश्य से पूर्वाग्रही होकर पूछा गया है। इसे लेकर समाज में गहरी नाराजगी तथा आक्रोश व्याप्त है।

# दिनेश बने भाजपा बड़ोखर मंडल अध्यक्ष

## - मंडल बड़ोखर कार्यकारिणी घोषित



न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल की संस्‍ति पर तींदवरी विधान सभा के बड़ोखर मंडल में जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत द्वारा दिनेश यादव को मंडल का अध्यक्ष घोषित किया गया है। साथ ही मंडल कार्यकारिणी का भी गठन कर क्षेत्र व जिला स्तर पर संस्तुति कर दी गई है। नवगठित कार्यकारिणी में अध्यक्ष के अलावा मंडल उपाध्यक्ष में अमनदीप तिवारी, धीरज गुप्ता, देवीदयाल सिंह, देवेंद्र अवस्थी, राहुल नामदेव, ममता सिंह को जिम्मेदारी सौपी गई है। इसी प्रकार शिवम द्विवेदी व अंकित सिंह को महामंत्री बनाया गया है। इनके अलावा मंत्री पद पर संतोष अनुरागी, सूरजदीन खेंगर, स्वतंत्र साहू, मालती दीक्षित, चंद्र भाल शुक्ला व कुलदीप प्रजापति शामिल है। राकेश तिवारी को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौपी गई है इनके अलावा राजीव शुक्ला को मीडिया प्रभारी एवं शिवकांत कुशवाहा को सह मीडिया प्रभारी, शिवम गुप्ता को सोशल मीडिया प्रभारी व मुन्नी निषाद को सह सोशल मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी सौपी गई है। शैलेंद्र पाल को आईटी संयोजक का दायित्व सौंपा गया है। इसके अलावा कार्यसमिति सदस्य में हिमांशु सिंह, जगपाल सिंह, जितेंद्र सिंह, भरत मिश्रा, सुधीर सिंह, श्याम बाबू पाल, अजय तिवारी, प्रीता देवी, .ष्णा द्विवेदी, आलोक मिश्रा, संतराम सिंह, विभूति भूषण दीक्षित, अजय अवस्थी, योगराज तिवारी, संजय सिंह, दिनेश माझी, शीला देवी, अर्चना सिंह, राहुल सिंह, राहुल तिवारी, सौरभ तिवारी, लल्लू कुशवाहा, रामलाल, पुष्पेंद्र सिंह सहित 40 लोगो को शामिल किया गया है।

# तेरह स्कूली वाहनों का हुआ फिटनेस चेक

न्यूज वाणी ब्यूरो



मऊ। जनपद आगरा एवं कासगंज में स्कूली वाहनों की दुर्घटनाओं को देखते हुए शासन के निर्देश पर आज अवकाश के दिन परिवहन कार्यालय में 13 विद्यालय वाहनों का फिटनेस चेकिंग किया गया। आगरा एवं कासगंज में फिटनेस फेल वाहनों के प्रयोग के कारण सड़क दुर्घटनाएं हुई जिनके कारण विद्यालय प्रबंधक के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज की गई थी। एआरटीओ सोहेल अहमद ने बताया कि समस्त स्कूली वाहनों की फिटनेस चेकिंग की जाएगी। अगर कोई स्कूली वाहन मानक के अनुरूप नहीं पाया जाता है तो उसके सीज की कार्रवाई की जाएगी।

# प्रधानाचार्य आईटीआई के पिताजी का 60 वर्ष की आयु में निधन

न्यूज वाणी ब्यूरो



मऊ। प्रधानाचार्य आईटीआई, नोडल आधिकारिक व्यावसायिक शिक्षा कौशल विकास और उद्यमिता विभाग अरुण यादव वर्तमान में जनपद मऊ में प्रधानाचार्य के पद पर कार्यरत हैं। प्रधानाचार्य द्वारा बताया गया कि उनके पिता स्वर्गीय रामचंद्र यादव निवासी कनेरी पोस्ट फूलपुर जनपद आजमगढ़ का स्वास्थ्य खराब होने के कारण 13 मार्च को लखनऊ में 60 वर्ष की आयु में निधन हो गया। यह एक सामाजिक प्रतिष्ठित एवं नेक इंसान थे। परिवार में आए इस दुख घड़ी पर श्री हरि संपूर्ण परिवार को संभलने और दिवंगत आत्मा को अपने चरणों में स्थान दें।

# पुस्तकीय ज्ञान के साथ व्यवहारिक अनुभव का बेहतर माध्यम शैक्षिक भ्रमण

न्यूज वाणी ब्यूरो /घोसी, मऊ। ब्लॉक घोसी अंतर्गत पूर्व माध्यमिक विद्यालय धरौली के बच्चों का शैक्षिक भ्रमण गोल्ड मेडलिस्ट एवं राज्य अध्यापक पुरस्कार से सम्मानित प्रधानाध्यापक डॉ. रामविलास भारती के नेतृत्व में ऐतिहासिक स्थल सारनाथ (वाराणसी) के लिए प्रस्थान किया। शैक्षिक भ्रमण बस को डॉ. रामविलास भारती एवं ग्राम प्रधान बालचन्द राम ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर बच्चों एवं अभिभावकों को संबोधित करते हुए डॉ. रामविलास भारती ने कहा कि पाठ्यक्रम में महान व्यक्तित्वों एवं ऐतिहासिक स्थलों का अध्ययन कराया जाता है, जिनमें तथागत गौतम बुद्ध, सम्राट अशोक, श्री.ष्ण आदि तथा सारनाथ, लुम्बिनी, गोरखपुर जैसे महत्वपूर्ण स्थलों का उल्लेख मिलता है। इन स्थलों के संदर्भ में शैक्षिक पर्यटन और शैक्षिक भ्रमण का विशेष महत्व है, क्योंकि इससे बच्चों को प्रा.तिक, भौगोलिक, प्राचीन और ऐतिहासिक स्थलों का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त होता है। उन्होंने बताया कि सारनाथ वह पवित्र स्थल है जहाँ तथागत बुद्ध ने धम्मचक्र प्रवर्तन किया था। यहीं स्थित सम्राट अशोक का स्तंभ, जो आज भारत का राष्ट्रीय प्रतीक है, भारतीय इतिहास की गौरवशाली विरासत का प्रतीक है। ऐसे ऐतिहासिक स्थलों के प्रत्यक्ष अवलोकन से बच्चों में निरीक्षण शक्ति, कल्पनाशक्ति, अन्वेषण क्षमता तथा सहयोगात्मक भावना का विकास होता है। साथ ही पुस्तकीय ज्ञान के साथ–साथ व्यवहारिक ज्ञान भी प्राप्त होता है और उनके .ष्टिकोण में सकारात्मक परिवर्तन आता है। उन्होंने कहा कि वास्तव में छात्रों को विषय–वस्तु का वास्तविक ज्ञान उस स्थल पर जाकर ही प्राप्त होता है। इसलिए बच्चों के समग्र विकास के लिए शैक्षिक भ्रमण अत्यंत उपयोगी है। ग्राम प्रधान बालचन्द राम ने कहा कि डॉ. रामविलास भारती का बच्चों और शिक्षा के प्रति समर्पण अत्यंत अनुकरणीय है। उनके नेतृत्व में विद्यालय निरंतर प्रगति कर रहा है। इस अवसर पर कमलेश राय, पूजा, संतोष कुमार, तारा, उत्तमी, गुंजा, धीरज, अर्जुन यादव, नीरज आदि अभिभावकों के साथ एस.एम.सी. टीम आदि उपस्थित रही।

# अपराध निरोधक समिति ने बंदियों के साथ मनाई होली मिलन

## – रमजान के अवसर पर वितरित किया अफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो /बहराइच। उत्तर प्रदेशीय अपराध निरोधक समिति के तत्वावधान में जिला कारागार में बंदी भाई–बहनों के साथ होली मिलन एवं पवित्र रमजान माह के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बंदी भाई बहनों के साथ होली मिलन कार्यक्रम एवं पवित्र माह रमजान में रोजेदारों के लिए अतार का इंतजाम कर वितरित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य सामाजिक सौहार्द, भाईचारे और आपसी सद्भाव का संदेश देना रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जेल अधीक्षक राजीव कुमार सिंह उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में जेलर अजय कुमार झा, पत्रकार शेर सिंह कसौधन मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला सचिव/जेल विजिटर केशव कुमार मौर्य ने की। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि होली और रमजान दोनों ही त्योहार प्रेम, भाईचारे और आपसी सौहार्द का संदेश देते हैं। ऐसे आयोजनों से समाज में एकता और सद्भावना को बढ़ावा मिलता है। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने बंदियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें अच्छे आचरण और सकारात्मक जीवन की ओर अग्रसर होने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में समिति के विनोद कुशवाहा, रमेश मिश्रा टिल्लू मिश्रा कई पदाधिकारियों एवं सदस्यों सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। अंत में सभी अतिथियों ने एक–दूसरे को होली एवं रमजान की शुभकामनाएं दीं और कार्यक्रम का समापन सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

# कामराज प्लान से ही मजबूत होगी कांग्रेस : विनय सिंह

न्यूज वाणी ब्यूरो /बहराइच। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी के तीन बार अध्यक्ष रहे महान स्वतंत्रता सेनानी के कामराज तथा सामाजिक न्याय के पुरोधा मान्यवर कांशीराम की जयंती पर कांग्रेस नेता जावेद खान के प्रतिष्ठान बारह पत्थर पर सामाजिक समरसता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता कांग्रेस नेता रवीन्द्र स्वरूप ने किया। संचालन जिला कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष विष्णु यादव ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत दोनो महान विभूतियों पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर सामूहिक सलामी देकर किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से मौजूद वरिष्ठ कांग्रेस नेता विनय सिंह ने कहा कि कांग्रेस को पुनः ढर्रे पर लाने के लिए के कामराज के प्लान को लागू करना होगा। उन्होंने कहा कि के कामराज का जन्म 15 मार्च 1903 को तमिलनाडु प्रान्त में एक मध्यम परिवार में हुआ था। वे तमिलनाडु के कई बार मुख्यमंत्री रहे। बाद में पंडित जवाहरलाल नेहरू ने उन्हें केन्द्रीय राजनीति में लाकर पूरे देश और समाज में उनके अनुभव और क्षमता का लाभ लिया। बाद में वे 1964, 1965 और 1966 मे कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के रूप में कांग्रेस महाधिवेशनों की अध्यक्षता करके पार्टी और संगठन को मजबूती तथा नई दिशा दी। उन्होंने कहा कि मान्यवर कांशीराम जी ने शोषित पीड़ित और दलित समाज के उत्थान और विकास के लिए आजीवन प्रयास किया। उन्होंने कहा कि कांशीराम जी ने समान शिक्षा पर कहा था कि ब्राह्मण बनिया भंगी पूत, साथ पढै तो होय मजबूत। कांग्रेस नेत्री मालती पासवान ने कहा हमें दोनों महापुरुषों के अधूरे मिशन को पूरा करने का संकल्प लेना चाहिए क्योंकि वर्तमान समय में जाति तोड़ो धर्म बांटो की राजनीति चरम पर है।

# डीएम-एसएसपी ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

## – स्ट्रांग रूम व सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा, निष्पक्ष परीक्षा के दिए निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। उत्तर प्रदेश पुलिस उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों की सीधी भर्ती 2025 की लिखित परीक्षा को सकुशल, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने के लिए जिलाधिकारी




शुभ्रान्त कुमार शुक्ल और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने जनपदीय स्ट्रांग रूम सहित विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। उक्त परीक्षा 14 एवं 15 मार्च को जनपद के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जा रही है। परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी वातावरण में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से दोनों अधिकारियों ने कई परीक्षा केंद्रों और विद्यालयों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था व अन्य व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों की प्रवेश प्रक्रिया, सीसीटीवी निगरानी, प्रश्नपत्रों की सुरक्षा व्यवस्था, ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल और मजिस्ट्रेट की उपस्थिति सहित अन्य व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया गया। अधिकारियों ने संबंधित कर्मियों को निर्देश दिए कि परीक्षा की निष्पक्षता और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए सभी व्यवस्थाएं पूरी सतर्कता और जिम्मेदारी के साथ सुनिश्चित की जाएं। इस दौरान जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा ड्यूटी में लगे अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा केंद्रों पर कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूर्ण सतर्कता बरती जाए और किसी भी प्रकार की लापरवाही न होने दी जाए। निरीक्षण के समय पुलिस एवं प्रशासन के अन्य अधिकारी और कर्मचारी भी मौजूद रहे।

# महिला के साथ छेड़छाड़ व मारपीट का वीडियो वायरल, दी तहरीर

न्यूज वाणी ब्यूरो

मैनपुरी। कुर्रा थाना क्षेत्र के गांव दूदपुर में एक महिला के साथ छेड़छाड़ और मारपीट का मामला सामने आया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। पीड़िता ने मामले की शिकायत थाना कुर्रा में देकर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार गांव दूदपुर निवासी गुड्डी देवी पत्नी मुकेश ने रविवार को सुबह करीब 11.30 बजे थाना कुर्रा में तहरीर दी। पीड़िता का आरोप है कि वह अपने घर के सामने शौचालय का निर्माण कार्य कर रही थी। उसी दौरान पड़ोसी हरवीर पुत्र चंद्रपाल सिंह उसके घर में घुस आया और उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा। पीड़िता के अनुसार जब उसने इसका विरोध किया तो उसने अपनी बहू अनुपम पत्नी आलोक से घटना का वीडियो बनाने को कहा। बहू ने मोबाइल से वीडियो बनाना शुरू कर दिया। आरोप है कि इसके बाद आरोपी हरवीर ने महिला को मारते–पीटते हुए घर के बाहर खींच लिया और जमीन पर गिराकर उसके साथ अभद्रता की तथा उसके निजी अंगों को भी पकड़ लिया। इसी दौरान आरोपी के चचेरे भाई जयवीर सिंह पुत्र किशन सिंह ने वीडियो बना रही पीड़िता की बहू को भी धक्का देकर गिरा दिया और उसके साथ भी लात–घूंसों से मारपीट की। पीड़िता का यह भी कहना है कि घटना के समय घर पर कोई पुरुष सदस्य मौजूद नहीं था। मारपीट के दौरान उसके कान का एक कुंडल भी छीन लिया गया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। पीड़िता ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# सदभाव व भाईचारे का संदेश देते हैं त्योहार : डा. अनुराग

## – ईद के अवसर पर निर्धन बच्चों को दी सामग्री

न्यूज वाणी ब्यूरो



फतेहपुर। गत वर्षों की भांति पुनः रविवार को इंडियन रेडक्रास सोसाइटी के तत्वावधान व डॉ सत्यनारायण सेवा फाउंडेशन के संयोजकत्व में चेयरमैन व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने इरशाद अहमद के सहयोग से चिन्हित पीरनपुर के अतिनिर्धन, जरूरतमंद दिव्यांग सत्तर बच्चों को ईद के अवसर पर सेवइयां, चीनी वितरित किया। साथ ही सभी बच्चों को चिकनपॉक्स के संक्रमण को कम करने व रोगप्रतिरोधक क्षमता विकसित करने में सहायक होम्योपैथिक औषधि भी प्रदान की। इस अवसर पर डॉ अनुराग ने कहा कि त्योहार आपसी एकता, खुशी, सद्भाव व भाईचारे का संदेश देते है। हम सभी को मिलजुलकर त्योहार मनाने चाहिए। सभी बच्चे उपहार पाकर बहुत खुश हुए। इस अवसर पर इरशाद अहमद व प्रमुख सहयोगी अभिनव श्रीवास्तव उपस्थित रहे।




# रामलीला हमारी सांस्कृतिक विरासत की पहचान : प्रेम कुमार

## - भारत मिलाप व राजगद्दी के साथ मेला संपन्न

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। क्षेत्र के धनुवां गांव में आयोजित 112 वें ऐतिहासिक एवं परंपरागत श्री रामलीला महोत्सव में बीती सांय रावण वध की लीला का भव्य मंचन किया गया। भगवान श्रीराम द्वारा रावण का वध होते ही पूरा मेला परिसर जय श्रीराम के नारों से गूंज उठा और श्रद्धालुओं ने उत्साह के साथ इस धार्मिक आयोजन का आनंद लिया। रविवार को भारत मिलाप, राजगद्दी और भगवान श्रीराम के गांव भ्रमण के साथ यह ऐतिहासिक मेला विधिवत संपन्न हो गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि समाजसेवी प्रेम कुमार शाक्य ने भगवान श्रीराम और लक्ष्मण के स्वरूपों को माल्यार्पण कर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ऐसे ऐतिहासिक और परंपरागत धार्मिक आयोजन हमारी सांस्.तिक विरासत को जीवित रखते हैं। रामलीला समाज को बुराइयों के अंत और सत्य की विजय का संदेश देती है तथा सामाजिक एकता और भाईचारे को मजबूत करने का कार्य करती है। धनुवां गांव के तिवरिया स्थल पर चल रहे श्री रामलीला महोत्सव के अंतर्गत रावण वध का मंचन आकर्षण का केंद्र रहा। राम और रावण



के बीच हुए युद्ध के रोमांचक .श्य ने उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। जैसे ही भगवान श्रीराम ने अपने बाण से रावण का वध किया, पूरा परिसर जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा। रामलीला मंचन देखने के लिए धनुवां सहित आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों में विशेष उत्साह देखने को मिला। मेले में लगी दुकानों पर भी लोगों की अच्छी खासी भीड़ दिखाई दी, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल बना रहा। आयोजन समिति के प्रबंधक अध्यक्ष सर्वेश चंद्र मिश्रा ने बताया कि धनुवां का यह ऐतिहासिक मेला 112 वर्षों से लगातार आयोजित होता आ रहा है और यह गांव की आस्था, सांस्.तिक परंपरा तथा सामाजिक एकता का प्रतीक है। इस दौरान प्रधान प्रतिनिधि बबलू यादव के अलावा ऐतिहासिक रामलीला महोत्सव आयोजन समिति से जुड़े शिव प्रसाद तिवारी, सुरेंद्र प्रकाश, अनुज मिश्रा, पंकज बाबू, मदन, विमल कुमार, टीटू राठौर, गुलशन, किशन त्रिपाठी, रमेश राठौर, गोपाल दुबे, कुंवर पाल, रवि, अनुज, समीर, सोने लाल, मुकेश त्रिपाठी, राज कुमार, रमेश चंद्र, महेश चंद्र, कन्हैयालाल, शिवम तिवारी, गगन और प्रशांत मिश्रा सहित अन्य ग्रामवासी उपस्थित रहे। अंत में समिति पदाधिकारियों ने सभी श्रद्धालुओं और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

# भारत विकास परिषद के सामूहिक विवाह में छह जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

## - वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संपन्न हुआ विवाह, नवदंपतियों को गृहस्थी का सामान भेंट

न्यूज वाणी ब्यूरो

जसवंतनगर, इटावा। भारत विकास परिषद समर्पण शाखा द्वारा हाईवे चौराहे के निकट स्थित एक मैरिज होम में सरल सामूहिक विवाह समारोह का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें छह जोड़े वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विवाह बंधन में बंध गए। कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य लोगों और बड़ी संख्या में उपस्थित नागरिकों ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया। नगर के राम–सीता मंदिर रेलमंडी से सामूहिक बारात बैंड–बाजों की मधुर ध्वनि के साथ नगर में भ्रमण करती हुई कार्यक्रम स्थल पर पहुंची। आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विवेक कुलश्रेष्ठ (क्षेत्रीय सचिव सेवा) तथा इन्द्रनारायण पाण्डेय (प्रांतीय अध्यक्ष) मौजूद रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में रमेश मेहरोत्रा (पूर्व प्रांतीय संरक्षक, पांचाल प्रांत) और संजय त्रिपाठी (पूर्व प्रांतीय महासचिव, पांचाल प्रांत) ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम के दौरान सभी जोड़ों का वैदिक रीति–रिवाजों के साथ विवाह संपन्न कराया गया। आयोजन समिति की ओर से नवविवाहित जोड़ों . निकिता कुमारी संग अनुराग सिंह, रमा देवी संग विनय कुमार, शिखा संग जय किशन, भावना संग विकास, इच्छा कुमारी संग ललितेश कुमार तथा मोना संग इंद्रजीत . को गृहस्थ जीवन के लिए आवश्यक घरेलू सामान जैसे फर्नीचर, बर्तन, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण सहित अन्य उपयोगी वस्तुएं भेंट की गईं, जिससे उनके नए जीवन की शुरुआत सुगम हो सके। कार्यक्रम स्थल पर ही जलपान और भोजन की व्यवस्था भी की गई थी। मुख्य वक्ता हरिदत्त दीक्षित ने कहा कि सामूहिक विवाह समारोह समाज में आपसी सहयोग, सेवा और संस्कार की भावना को बढ़ावा देते हैं। ऐसे आयोजन आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए बड़ी मदद साबित होते हैं। इस अवसर पर स्वागतकर्ता पालिका चेयरमैन सत्यनारायण शंखवार तथा संरक्षक अशोक कुमार माथुर



सहित परिषद के अध्यक्ष आनंद कुमार गुप्ता, सचिव गुंजन सक्सेना, कोषाध्यक्ष गौरव बाबू, संयोजक सौरभ वर्मा, धर्मेन्द्र सोनी और आयोजन संयोजक उमाकांत श्रीवास्तव की प्रमुख भूमिका रही। इसके अलावा राजकमल जैन, सुमित श्रीवास्तव, मनोज कुमार जैन, अमित वर्मा, विपिन यादव, चेतन जैन, रविन्द्र गुप्ता, सतीश चन्द्र श्रीवास्तव, अंकुर वर्मा, अंकित पाल, शारदा प्रसाद, प्रदीप चौरसिया और गोपाल गुप्ता सहित अन्य लोगों ने भी कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग दिया।

# वैदपुरा में पुलिस ने महिला सुरक्षा व साइबर अपराध की दी जानकारी

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत जनपद में महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ावा देने के लिए लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में रविवार को थाना वैदपुरा क्षेत्र में पुलिस व मिशन शक्ति टीम द्वारा महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं व बालिकाओं को एकत्रित कर उन्हें महिला सुरक्षा, साइबर अपराध से बचाव तथा नए आपराधिक कानून भारतीय न्याय संहिता और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के बारे में विस्तार से जानकारी दी



गई। इस दौरान पुलिस टीम ने उपस्थित महिलाओं को साइबर अपराधों से बचाव के उपाय बताते हुए ऑनलाइन धोखाधड़ी से सावधान रहने, सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग करने तथा किसी भी आपात स्थिति में तत्काल पुलिस सहायता लेने के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही महिलाओं व बालिकाओं को महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर 112, 1090, 181, 1098, 1930 और 1076 के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि जरूरत पड़ने पर इन सेवाओं का तुरंत उपयोग किया जा सकता है। कार्यक्रम में महिलाओं को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी गई और उन्हें इन योजनाओं का लाभ उठाकर अपने व अपने परिवार के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए प्रेरित किया गया। पुलिस द्वारा बताया गया कि मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से ऐसे जागरूकता कार्यक्रम आगे भी लगातार चलाए।

# सपा ने मनाई मान्यवर कांशीराम की 92 वीं जयंती

## - भव्य कार्यक्रम में शिवपाल सिंह यादव रहे मुख्य अतिथि

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। उत्सव गार्डन में बहुजन नायक मान्यवर कांशीराम की 92 वीं जयंती के अवसर पर समाजवादी पार्टी द्वारा भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू ने की जबकि मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव शामिल हुए।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष अभिषेक यादव अंशुल, पूर्व राज्यमंत्री रामसेवक यादव, सांसद जितेंद्र दोहरे, पूर्व एमएलसी रामनरेश यादव मिनी, पूर्व राज्यमंत्री केपी सिंह चौहान, पूर्व राज्यमंत्री अशोक यादव, विधायक राघवेंद्र गौतम सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। मंच को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने मान्यवर कांशीराम को सामाजिक न्याय का महान प्रेरणास्रोत बताते हुए उनके विचारों और संघर्षों को याद किया तथा उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। इस अवसर पर सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू, महामंत्री वीरू भदौरिया, पूर्व जिलाध्यक्ष गोपाल यादव, राजीव यादव, सुनील यादव, खादिम अब्बास, लाखन सिंह जाटव, उदयभान सिंह यादव, अनिल प्रताप यादव गुड्डू, बृजेंद्र यादव, लीलावती राजपूत, दीपी सिंह, प्रवक्ता विक्की गुप्ता, मयंक विधौलिया, उमेश राजपूत डुल्ले, अनवर हुसैन, राजीव चंदेल, आदित्य गोविंद, नरेंद्र पाल, किशन यादव, फरहान शकील,



संतोष राजपूत, अशोक दोहरे, पप्पन सिद्दीकी, रवि यादव विधायक सहित अनेक नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन बृजेंद्र यादव ने किया। वक्ताओं ने कहा कि मान्यवर कांशीराम ने समाज के वंचित और पिछड़े वर्गों के अधिकारों के लिए आजीवन संघर्ष किया, जिसे देश हमेशा याद रखेगा।

# फाइटर को हराहर अटेवा वारियर्स बना चैंपियन

## - स्टेडियम में हुआ अटेवा कप हसवा का आयोजन

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। अटेवा पुरानी पेंशन



बचाओ मंच हसवा के तत्वाधान में अटेवा कप हसवा 2026 का आयोजन किया गया। जिसमें अटेवा वारियर्स, अटेवा काईटर्स, अटेवा ब्लैक पैंथर्स, अटेवा सुपर स्ट्राइकर की टीम ने प्रतिभाग किया। अटेवा वॉरियर्स एवं अटेवा अटेवा फाइटर्स ने सेमीफाइनल में जीत कर फाइनल में प्रवेश किया। टूर्नामेंट के प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट मुकेश द्विवेदी रहे। फाइनल में अटेवा फाइटर ने पहले खेल कर 59 रनों का लक्ष्य दिया। जिसे अटेवा वारियर्स ने 6 ओवर में चेस करके फाइनल जीत लिया। इस टूर्नामेंट में अवधेश पाल के कप्तानी में अटेवा वॉरियर्स ने शानदार पारी की। सेमीफाइनल मैच में मुकेश द्विवेदी ने 149 रनों की पारी खेलकर कीर्तिमान बनाया और मैन ऑफ द टूर्नामेंट बने इस टूर्नामेंट में अटेवा जिलाध्यक्ष निधान सिंह, जिला महामंत्री महेंद्र मौर्य, जिला कोषाध्यक्ष देवेंद्र पांडेय, जिला संगठन मंत्री हेमचंद चौधरी, जिला सोशल मीडिया प्रभारी अरविंद विष्वकर्मा, हसवा टीम ब्लॉक अध्यक्ष सुमित शर्मा, महामंत्री अरुणेंद्र कुमार, ब्लॉक उपाध्यक्ष महेंद्र वर्मा, नीरज गुप्ता, हर्षित कुमार, अखण्ड प्रताप सिंह, तहसील प्रभारी संदीप यादव, विनय सिंह, देवेंद्र सिंह, ज्ञानेश भूषण बिंदकी तहसील प्रभारी अजय पाल, पुष्पेंद्र कुमार, प्यारेलाल आदि उपस्थित रहे।

# बालक को सकुशल बरामद कर परिजनों को किया सुपुर्द

न्यूज वाणी ब्यूरो




इटावा। थाना वैदपुरा पुलिस ने मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत सराहनीय कार्य करते हुए परिवार से बिछड़े एक नाबालिग बालक को सकुशल बरामद कर उसके परिजनों को सौंप दिया। रविवार को करीब 12.50 बजे थाना वैदपुरा पुलिस टीम व मिशन शक्ति टीम को सूचना मिली कि एक छोटा बालक वैदपुरा चौराहे से लगभग 100 मीटर आगे खरदूली जाने वाले मार्ग पर अकेला घूम रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और बालक को अपने संरक्षण में लेकर पूछताछ की। पुलिस ने बालक की पहचान अनुराग उम्र लगभग 8 वर्ष पुत्र भानू प्रताप, निवासी ग्राम नगला हरे, थाना वैदपुरा, जनपद इटावा के रूप में की। इसके बाद पुलिस ने बालक के परिजनों से संपर्क कर उसे सकुशल उसके नाना–नानी के सुपुर्द कर दिया। अपने नाती को सुरक्षित पाकर परिजनों ने थाना वैदपुरा पुलिस की इस सराहनीय पहल की भूरि–भूरि प्रशंसा करते हुए आभार व्यक्त किया। बरामद करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष नागेंद्र चौधरी, कांस्टेबल विपिन कुमार, कांस्टेबल प्रमोद कुमार और महिला कांस्टेबल अंजली शामिल रहीं।

# श्रीकृष्ण जन्मभूमि के सचिव पर धन के दुरुपयोग का आरोप

## – थाने में दिया प्रार्थना पत्र

न्यूज वाणी ब्यूरो /मथुरा। श्री.ष्ण जन्मभूमि के सचिव कपिल शर्मा के खिलाफ थाना गोविंद नगर में शिकायत दर्ज कराने के लिए एक प्रार्थना पत्र दिया गया है। चाणक्य संगठन के संस्थापक एवं मंशापुरी निवासी अशोक शर्मा आर्य ने आरोप लगाया है कि श्री.ष्ण जन्मभूमि के लिए प्राप्त होने वाली धनराशि का उपयोग निजी कार्यों में किया जा रहा है। अशोक शर्मा आर्य ने अपने प्रार्थना पत्र में कहा है कि मंदिर से संबंधित कार्यों के लिए आने वाली आर्थिक सहायता का पारदर्शी उपयोग होना चाहिए, लेकिन कपिल शर्मा द्वारा धन के दुरुपयोग की आशंका जताई जा रही है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कपिल शर्मा के पास आय से अधिक संपत्ति है, जिसकी निष्पक्ष जांच कराई जानी चाहिए। शिकायतकर्ता ने पुलिस से पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है। वहीं पुलिस का कहना है कि प्राप्त प्रार्थना पत्र के आधार पर मामले की जांच की जा रही है, जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# बेखौफ हो रहा गंगा के सफेद बालू का खनन, जिम्मेदार मौन

न्यूज वाणी ब्यूरो

जमानियां, गाजीपुर। यूं तो स्थानीय क्षेत्र में लाल बालू का अवैध कारोबार जोरों पर चलता है, लेकिन ऐसे में अगर गंगा नदी के सफेद बालू का अवैध व्यापार फलने फूलने लगे तो प्रशासनिक गतिविधियों



पर सवाल उठना लाजमी है। इसका जीवंत उदाहरण इन दिनों धरम्मरपुर–जमानियां गंगा पुल के रास्ते स्थानीय क्षेत्र में बेखौफ हो रहे सफेद बालू के व्यापार से देखा और समझा जा सकता है। दरअसल क्षेत्रीय खनन माफियाओं की नजर एक बार फिर गंगा नदी के सफेद बालू के अवैध कारोबार पर पड़ चुकी है। धरम्मरपुर की तरफ इन दिनों गंगा नदी में खनन का खेल शुरू हो चुका है और प्रतिदिन भू जल संपदा का दोहन किया जा रहा है। प्रतिदिन बोगा ट्रैक्टर ट्राली पर ओवरलोड सफेद बालू लाद कर क्षेत्र में इसका विक्रय किया जा रहा है। आमजन में इस बात की चर्चा है कि यह सब कुछ सिस्टम के तहत चल रहा है, शायद यही वजह है कि बालू माफिया धड़ल्ले से बेखौफ होकर गंगा नदी के सफेद बालू का खनन, परिवहन और विक्रय कर रहे हैं। इस संबंध में पूछे जाने पर एसडीएम ज्योति चौरसिया ने कहा कि हमारे तरफ से इसकी कोई परमिशन नहीं दी गयी है। उन्होंने खनन विभाग से इसकी जानकारी लेने की बात कही।

# मरकज़-ए-तालीम-ओ-तर्बियत ट्रस्ट द्वारा नमाज़-ए-जमाअत पढ़ाने वाले मौलानाओं और धार्मिक छात्रों के लिए विशेष क्लास का आयोजन

न्यूज वाणी ब्यूरो/लखनऊ। शहर के श्मरकज़–ए–तालीम–ओ–तर्बियत ट्रस्टश ने लोगों में धार्मिक और वैचारिक समझ बढ़ाने के लिए एक खास मुहिम शुरू की है। इसके तहत शहर के इमामों (नमाज़ पढ़ाने वालों) और दीन की पढ़ाई करने वाले छात्रों के लिए ज्ञानवर्धक बैठकों का सिलसिला शुरू हुआ है। इन प्रोग्रामों में बड़े विद्वान (उलेमा) कुरान की शिक्षाओं, इस्लाम के इतिहास और अहले–बैत (अ) के ज्ञान पर लगातार जानकारी दे रहे हैं। इसका मकसद युवाओं और छात्रों की पढ़ाई के साथ–साथ उनकी बेहतर तरबीयत (परवरिश) करना है ताकि वे आज के दौर की चुनौतियों का सामना कर सकें।



घ्इन प्रोग्रामों में बड़े मौलानाओं ने ज़रूरी विषयों पर अपनी बात रखी। घ्मौलाना सैयद अशरफ अली अल–ग़रवी साहब ने शरीयत के कानूनों और उनकी बारीकियों के बारे में बहुत विस्तार से जानकारी दी। घ्मौलाना शेख अली इमाम साहब ने कुरान की गहराइयों और उसके सही मतलब को समझने पर रोशनी डाली। घ्मौलाना सैयद पयाम हैदर आज़मी साहब ने शादी–ब्याह और परिवार से जुड़े सामाजिक मसलों के हल के लिए ज़रूरी बातें बताईं। मौलाना शेख ज़हीर अब्बास साहब ने अख्लाक़ (अच्छे व्यवहार) और इंसान के किरदार को बेहतर बनाने पर ज़ोर दिया। घ्मौलाना सैयद मोहम्मद मियां आब्दी साहब ने अल्लाह की एकता (तौहीद) के विषय पर आज के दौर की मिसालों के साथ बहुत ही प्रभावशाली बात कही। घ्इन बैठकों में बड़ी संख्या में मौलानाओं और छात्रों ने हिस्सा लिया और विद्वानों से सवाल–जवाब भी किए। शामिल होने वाले लोगों ने ट्रस्ट की इस कोशिश की खूब तारीफ की और कहा कि आज के दौर में ऐसे प्रोग्राम बहुत ज़रूरी हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि ऐसे प्रोग्राम आगे भी जारी रहेंगे।

# ट्रैक्टर से घायल महिला की इलाज दौरान मौत

## - थाना क्षेत्र के सरकी बैंक के पास हुआ हादसा, परिजनों में कोहराम

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। गाजीपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गयी। अनियंत्रित ट्रैक्टर की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हुई महिला ने रविवार को कानपुर के अस्पताल में दम तोड़ दिया। बताते चले कि सरकी गांव निवासी नीशू कुमार की माता सुनीता देवी 49 वर्ष, पत्नी चुनबुद उर्फ रविशंकर, बीते 12 मार्च को दोपहर लगभग 1:30 बजे घर से गाजीपुर जाने के लिए निकली थीं। जैसे ही वह सरकी बड़ौदा ग्रामीण बैंक के पास पहुंचीं, तभी एक बिना नंबर के मैक्सी ट्रैक्टर ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद ट्रैक्टर छोड़कर भागे आरोपी प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर इतनी भीषण थी कि महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के तुरंत बाद चालक ट्रैक्टर छोड़कर मौके से फरार हो गया। बताया जा रहा है कि कुछ देर बाद एक चार पहिया वाहन से तीन अज्ञात व्यक्ति आए और मौके से ट्रैक्टर लेकर फरार हो गए। इलाज के दौरान तोड़ा दम घायल महिला को आनन–फानन में जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी नाजुक हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें कानपुर रेफर कर दिया। परिजनों ने उन्हें कानपुर के निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया, जहाँ रविवार को इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई।

# गैस की कालाबाजारी पर अंकुश न लगा तो होगा आंदोलन

## - पूर्व सैनिक संगठन ने बैठक कर जताई चिंता

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। पूर्व सैनिक उत्थान एवं लोक कल्याण समिति की मासिक बैठक कैप्टन रामराज सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर प्रदेश अध्यक्ष विद्याभूषण तिवारी ने सहभागिता निभाई। सभी पूर्व सैनिकों ने एक स्वर में बताया कि वर्तमान में गैस की कालाबाजारी चरम सीमा पर है जो वास्तव में गैस के हकदार है उनकी न ही ऑनलाइन बुकिंग हो रही है और गैस एजेंसी में लाइन लगाकर बुकिंग करते हैं तो भी बुकिंग नहीं होती। अध्यक्ष विद्या भूषण तिवारी ने बताया कि गैस एजेंसी के मालिक से लेकर मैनेजर गैस डिलीवरी बॉय ने अपने घर के एक–एक सदस्य के नाम पर कई के कनेक्शन



दर्ज करवा रखे हैं और अंदर से बुकिंग हो जाती है और उनको पहले डिलीवरी दे दी जाती है। यह सब कार्यवाही जिला प्रशासन तथा प्रशासनिक अधिकारियों की लचर कार्यशैली व शिथिलता का परिणाम है, क्योंकि वह कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। जिनको आवश्यकता के अनुसार 2000 से लेकर 4000 तक प्रति सिलेंडर बेचा जाता है। कुल सिलेंडर का 30 से 40 प्रतिषत मिठाई की दुकान, होटल, रेस्टोरेंट में मनमानी दाम पर दे दिया जाता है। इस संबंध में पूर्व सैनिक प्रत्येक गैस एजेंसी में होने वाली कालाबाजारी को नोट करेंगे और अधिकारियों को अवगत कराएंगे। यदि कोई कार्रवाई नहीं होती है तो आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। इसके पश्चात सभी पूर्व सैनिकों ने एक दूसरे को अबीर, गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर महिला अध्यक्ष जागृति तिवारी, शेख अब्दुल खालिद, अरविंद कुमार, राम शंकर पांडेय, रामेंद्र सिंह, उमेश चंद तिवारी, भगवानदीन, सूरज पाल, अर्जुन सिंह, अशोक कुमार, नितिन ओमर, रामश्री, उमाकांत आदि उपस्थित रहे।

# माता-पिता ही परिवार की शान, रखें पूरा ख्याल

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। श्री राम आसरे सिंह ग्राम विकास शिक्षा समिति विजयनगर की ओर से शनिवार को समाज कल्याण विभागद के अंतर्गत अटल वयों अभ्युदय योजना के तहत संवेदीकरण और जागरूकता कार्यक्रम आयोजन राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय खासमऊ में किया गया। दादा, दादी/नाना, नानी के महत्व एवं नैतिक मूल्यो निबंध कार्यक्रम का संपादन 61 से अधिक छात्रों ने प्रतिभाग किया। जिसमें प्रथम स्थान करन सिंह, द्वितीय अंकित कुमार, तृतीय जय प्रकाश पुरस्.त करते हुए सभी बच्चों को प्रोत्साहित किया गया। व्यवस्थापक दिग्विजय मिश्रा ने बताया कि जीवन के वृद्धजन का अनमोल महत्व है। यह हमारे जीवन की एक शाखा है। जिसके हम सभी एक टहनी के सामान है। वृद्धजन परिवार की नींव और नैतिक मूल्यों के भंडार होते हैं। ये न केवल बच्चों को प्यार देते है बल्कि हमें जीवन के सही गलत का फर्क बताते है। डा. अमित सचान ने बताया कि वृद्धजनों के साथ हम जैसा व्यवहार करते हैं वैसा ही हमारे जीवन के साथ भी होगा इसलिए हमें दादा दादी नाना नानी के साथ अच्छा व्यवहार करना चाहिए। इनकी देखभाल करना ही हमारा कर्तव्य है। प्रधानाचार्य राजकुमार ने बताया कि वृद्धाश्रम में दिन प्रतिदिन वृद्धजन की संख्या बढ़ती जा रही है जिससे हम अपनी कर्तव्यों से भटक रहे है। वृद्धजनों की सेवा परिवार में ही करें यह हमारे लिए बहुत बड़ा सौभाग्य होगा। इस मौके पर प्रबंधक देवनारायण सिंह, अभिलाष, सोहन तिवारी, शिक्षक एवं समिति स्टाफ़ उपस्थित रहे।

# एएस इंटर कालेज की प्रबंध समिति का हुआ चुनाव

## - उदय प्रताप सिंह प्रबंधक व अशोक कुमार बने अध्यक्ष



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। शहर के शांतीनगर स्थित एएस इंटर कालेज की प्रबंध समिति का चुनाव रविवार को कराया गया। जिसमें उदय प्रताप सिंह को प्रबंधक व अशोक कुमार गौड़ को अध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा अन्य पदों पर भी निर्वाचन हुआ। सभी का माला पहनाकर स्वागत किया गया। एएस इंटर कालेज की प्रबंध समिति का चुनाव जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा नामित पर्यवेक्षक व सह जिला विद्यालय निरीक्षक अविनाश आनन्द के पर्यवेक्षण व सभी सदस्यों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। जिसमें उदय प्रताप सिंह प्रबंधक पद पर चुने गए। इसके अलावा अध्यक्ष पद पर अशोक कुमार गौड़ उपाध्यक्ष पद पर अश्वनी कुमार सिंह, उप प्रबन्धक पद पर शिव सिंह एवं कोषाध्यक्ष पद पर राम सागर निर्वाचित हुए। सभी का उपस्थित शिक्षकों ने माला पहनाकर स्वागत किया।

# धनुष भंग व परशुराम-लक्ष्मण संवाद ने मोहा मन

## - पटेलनगर में रामलीला महोत्सव का समापन

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। शहर के पटेलनगर में दो दिवसीय भव्य रामलीला महोत्सव का आयोजन किया गया। अखिल भारत हिंदू महासभा के प्रदेश महामंत्री मनोज त्रिवेदी के मार्गदर्शन में आयोजित महोत्सव में अभिनेताओं ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। तेरह मार्च से शुरू हुए दो दिवसीय कार्यक्रम में प्रभु श्री राम के जीवन के आदर्शों और पौराणिक प्रसंगों को जीवंत किया। जिसे देखने के लिए भारी संख्या में क्षेत्रीय लोग उमड़े। महोत्सव के पहले दिन लंका कांड के विभिन्न प्रसंगों का मंचन हुआ। कलाकारों ने माता सीता की खोज, श्री राम और सुग्रीव की मित्रता, बाली वध और हनुमान जी द्वारा लंका दहन की सुंदर प्रस्तुति दी। मंचन के दौरान दर्शकों ने भक्ति रस का आनंद लिया और जय श्री राम के उद्घोष से पूरा वातावरण गुंजायमान रहा। दूसरे दिन शुरू हुई लीला अपराह्न 11 बजे तक चली। महाराज जनक द्वारा अर्चन–पूजन, श्री राम–लक्ष्मण द्वारा संध्या वंदन और रावण–बाण संवाद का मंचन किया गया। सबसे महत्वपूर्ण प्रसंग अजगव खंडन (शिव धनुष भंग) रहा, जिसके बाद सीता–राम विवाह संपन्न हुआ। इस अवसर पर लक्ष्मण और परशुराम के बीच हुआ तीखा और ज्ञानवर्धक संवाद दर्शकों के आकर्षण का मुख्य केंद्र रहा। संवाद के दौरान अभिनेता आनंद अवस्थी (लक्ष्मण) ने जनेऊ धारण करने के शास्त्रीय नियमों को समझाते हुए कहा कि ब्राह्मण को कुश, क्षत्रिय को सूत और वैश्य को ऊन का यज्ञोपवीत धारण करना चाहिए। वहीं परशुराम के पात्र ने समाज को संदेश दिया कि ईश्वर जन्म–मृत्यु के चक्र से परे है; वे केवल लीला हेतु प्रकट और अंतर्ध्यान होते हैं। मंचन में परशुराम द्वारा सहस्त्रबाहु मर्दन और कामदेव भस्म करने के प्रसंगों को भी बखूबी दर्शाया गया।



लक्ष्मण ने भगवान परशुराम की आयु 60 हज़ार 700 वर्ष बताई। आयोजन में रामदत्त शुक्ला (राम), आनंद अवस्थी (लक्ष्मण), रामबाबू द्विवेदी मयंक (परशुराम) और ओम प्रकाश त्रिपाठी (जनक) ने अपनी सशक्त भूमिका निभाई। संगीत पक्ष में सुशील सिंह, दीनदयाल, कमलाकांत और विमल सिंह ने सहयोग दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में नगर पालिका अध्यक्ष राजकुमार मौर्य, समाजसेवी अशोक तपस्वी, अनुराग मिश्रा, पुत्तन बाजपेई, वरिष्ठ भाजपा नेता राजा सिंह कछवाह सहित अभिलाष चंद्र त्रिवेदी एडवोकेट, शिवकांत तिवारी और अन्य कार्यकर्ताओं का विशेष योगदान रहा।

# बारह फिट का अजगर निकलने से मचा हड़कंप

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के कोड़ारवर गांव में रविवार को करीब 12 फीट लंबा अजगर निकलने से किसानों और ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में लोग मौके पर इकट्ठा हो गए और अजगर को देखने के लिए भीड़ लग गई। ग्रामीणों के मुताबिक यह तीसरी बार है जब गांव में इतना बड़ा अजगर दिखाई दिया है। अजगर के दिखने की सूचना तुरंत वन विभाग को दी गई। बताया जा रहा है कि अजगर गांव के पास स्थित पानी की टंकी के नजदीक दिखाई दिया, जिससे आसपास के खेतों में काम कर रहे किसानों में दहशत फैल गई। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद अजगर को सुरक्षित तरीके से पकड़ लिया। टीम ने अजगर को कब्जे में लेकर सुरक्षित स्थान पर ले जाने की कार्रवाई की। ग्रामीणों का कहना है कि गांव और आसपास के खेतों में बार–बार अजगर दिखाई देने से लोगों में भय का माहौल बना हुआ है। उन्होंने वन विभाग से घटनाओं से ग्रामीणों को डर का सामना न करना पड़े। फिलहाल वन विभाग की कार्रवाई के बाद गांव में स्थिति सामान्य हो गई है। ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है, लेकिन क्षेत्र में अजगर के बार–बार दिखाई देने से लोग अभी भी परेशान हैं। वन रेंजर गौरव सिंह ने बताया कि सूचना पर टीम भेजी गई है।

# दांदो यमुना पुल बना अवैध परिवहन का केंद्र

## - सक्रिय लोकेटर का पूरा नेटवर्क कर रहा काम

न्यूज वाणी ब्यूरो/खागा, फतेहपुर। तहसील अंतर्गत किशनपुर कस्बा से बांदा जनपद जोड़ने वाले दांदो यमुना पुल पर इन दिनों अंतर्जनपदीय अवैध परिवहन का सुरक्षित कॉरिडोर बन चुका है। आरोप है कि बांदा जनपद की मोरंग खदानों से निकलने वाले सैकड़ों ओवरलोड अवैध वाहन यमुना पुल के रास्ते फतेहपुर जिले में प्रवेश कर रहे हैं और इसके पीछे सक्रिय लोकेटर सकरी का पूरा नेटवर्क काम कर रहा है। यह अवैध परिवहन शाम ढलते ही तेज हो जाता है। शाम सात बजे से लेकर सुबह दस बजे तक मोरंग से लदे सैकड़ो ओवरलोड ट्रक, डंपर और ट्रैक्टर–ट्रॉली किशनपुर–खागा मार्ग पर खुलेआम तांडव मचाते हैं। इन वाहनों में अधिकांश बिना खनन प्रपत्र, बिना फिटनेस और बिना वैध दस्तावेजों के दौड़ रहे हैं। सबसे गंभीर आरोप यह है कि बांदा जिले की मोरंग खदानों से फतेहपुर तक अवैध परिवहन को निर्बाध रूप से पास कराने में लोकेटर सकरी की अहम भूमिका है। यह लोकेटर नेटवर्क अधिकारियों के आने–जाने, चेकिंग और संभावित कार्रवाई की सूचनाएं पल–पल ड्राइवरों तक पहुंचाता है, जिससे अवैध वाहन समय बदलकर, रास्ता बदलकर आसानी से बच निकलते हैं।

# अटेवा महिला मोर्चा ने होली मिलन व रंगोली प्रतियोगिता का किया आयोजन

## - पेंशन संघर्ष गीत सुनाकर आगामी कार्यक्रमों के लिए किया प्रेरित

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। अटेवा पेंशन बचाओ मंच महिला मोर्चा की ओर से संवाद से संघर्ष कार्यक्रम की थीम



पर होली मिलन समारोह एवं रंगोली प्रतियोगिता कार्यक्रम मौर्य उत्थान समिति में संपन्न किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला संयोजिका डॉ एशिया मजहर ने किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में प्रतापगढ़ महिला मोर्चा के जिला संयोजिका पार्वती विश्वकर्मा एवं कालाकार की संयोजिका रेखा वर्मा रही। विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित आसिया फारूकी एवं प्राथमिक शिक्षक संघ महिला संघ की जिलाध्यक्षा चंपा शर्मा रही। कार्यक्रम का आयोजन समस्त ब्लॉकों की संयोजिकाओ की देखरेख में संपन्न हुआ। जिसमें विमलेश, अंजू सचान, शालिनी मौर्य, रुचि सिंह, कल्पना गौतम, नमृता, पूर्णिमा वर्मा, किरण देवी, मंजू प्रजापति आदि रहीं। कार्यक्रम में लगभग दो सौ महिलाओं ने प्रतिभाग किया। संयोजक कल्पना गौतम की टीम ने पुरानी पेंशन पेंशन के उपयोगिता को बताते हुए एक लघु नाटिका प्रस्तुत किया। विनीत मौर्य ने सरस्वती गीत सुनाकत कार्यक्रम को भक्ति में बना दिया। वहीं प्रतिमा उमराव ने पेंशन संघर्ष गीत सुनकर समस्त लोगों को आगामी कार्यक्रमों के लिए प्रेरित किया। जिला महामंत्री महेंद्र मौर्य ने पेंशन बचाओ मंच के आगामी कार्यक्रमों के रूपरेखा बताएं जिसमें अगला कार्यक्रम 13 अप्रैल की शाम को मसाल जुलूस निकाला जाएगा। तीन मई को लखनऊ में एक प्रदेश स्तरीय रैली का आयोजन किया गया है। जिसमें प्रदेश के समस्त शिक्षक संगठनों के शिक्षक एवं पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की संपूर्ण व्यवस्था जिला कोषाध्यक्ष देवेंद्र पांडेय, हेमचंद चौधरी, उदित सचान, अरविंद विश्वकर्मा ने किया। स्टेडियम में संपन्न किए गए क्रिकेट मैच टूर्नामेंट एवं महिलाओं के कार्यक्रम को सकुशल संपन्न करने की बधाई दी।

# नशेड़ी ने पत्नी सहित चार पर चढ़ाया ट्रैक्टर, सभी घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। औंग थानां क्षेत्र के होलापुर गाँव में युवक ने नशे की हालत में पत्नी सहित चार लोगों पर ट्रैक्टर चढ़ाकर घायल कर दिया। घायल अवस्था में सभी को इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के होलापुर गाँव निवासी महेश बताया जाता है वह शराब का नशा करने का आदी है। नशा करने के बाद वह अपना आपा खो बैठता है। रांत भी उसने नशे में धुत होकर अपनी 45 वर्षीय पत्नी आशा देवी, गाँव निवासी कालीचरण के 62 वर्षीय पुत्र भगवान दास, संतोष कुमार की 14 वर्षीय पुत्री अंशिका देवी और रनजीत कुमार के 22 वर्षीय पुत्र कल्लू पर ट्रैक्टर चढ़ाकर चारों को घायल कर दिया। घायल अवस्था में सभी को इलाज के लिए गोपालगंज सीएचसी पहुंचाया गया। जहाँ डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद सरकारी एम्बुलेन्स से जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। महेश की पत्नी की हालत गम्भीर बनी हुई है। वहीं घायल भगवान दास के पुत्र नीरज ने बताया महेश शराब पीने का आदी है। इसके पहले भी इसी तरह कि घटना को अंजाम दे चुका है उस समय कोई घायल नही हुआ था। यह घटना उसने दूसरी बार अंजाम दिया है।

# दुर्घटना पीड़ित सदस्य का टीम ने किया सत्यापन



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। धर्मेन्द्र सिंह मानवता परिवार के 419 दिनों से सक्रिय सदस्य हैं। उनका तेरह मार्च को सड़क दुर्घटना में घायल हो जाने के बाद उपचार चल रहा है। श्री सिंह मिर्जापुर हथगाम निवासी हैं और जिला पंचायती राज विभाग में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के रूप में कार्यरत हैं। घटना की जानकारी मिलने के बाद मानवता परिवार की पांच सदस्यीय टीम ने रविवार को शांतीनगर स्थित निजी नर्सिंग होम पहुंचकर उनका सत्यापन प्रक्रिया पूर्ण की। टीम ने उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। संस्था की ओर से बताया गया कि अस्पताल का जीएसटी बिल प्राप्त होने के बाद सहायता राशि प्रदान की जाएगी। राष्ट्रीय संयोजक हिमांशु कुमार ने बताया कि संस्था द्वारा यह दुर्घटना सहायता की 10 वीं मदद होगी। इससे पहले भी मानवता परिवार द्वारा ढाई लाख रुपये से अधिक की दुर्घटना सहायता पीड़ितों को प्रदान की जा चुकी है। इस मौके पर प्रदेश प्रभारी विनोद चक्रवर्ती, मंडल प्रभारी अभिलाष कुमार, जिला संरक्षक शिव भूषण पटेल, ब्लॉक प्रभारी अभिषेक, प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर संदीप सिंह, अभिनव यादव, सुशील राज, अनुराग सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। मानवता परिवार लगातार सेवा, सहयोग और सुरक्षा के उद्देश्य से समाज के जरूरतमंद लोगों की सहायता करने के लिए कार्य कर रहा है।

# समस्याओं को हल करना प्राथमिकता : रिंकू लोहारी

## - कैंप कार्यालय में जनता दर्शन लगाकर सुनीं समस्याएं

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिला पंचायत सदस्य अजय सिंह उर्फ रिंकू लोहारी ने कैंप कार्यालय में जनता दर्शन लगाया। जिसमें क्षेत्र के विभिन्न गांव से आए फरियादियों की समस्याओं को सुनकर तत्काल हल किया। ताहर सिंह, धनपतिया जमरावां की रूकी हुई पेंशन तत्काल केवाईसी करके चालू कराई गई। रामपुर गांव की बिटान के पति की मृत्यु के बाद उनके दोनों बच्चों को मुख्यमंत्री बाल कल्याण पेंशन योजना के अंतर्गत पांच हजार रूपए प्रति महीने लाभ का कार्य आनलाइन करवाया गया। विद्युत विभाग की समस्या भरसरी, पूरेमीतम, बारह मील चौराहा में रहने वाले ग्रामीणों को ट्यूबवेल की लाइन से जोड़ने का कारण रात में लाइट नहीं प्राप्त हो रही है। इसके लिए तत्काल विद्युत विभाग के उपखण्ड अधिकारी से वार्ता की। वार्ता करने पर एसडीओ हुसैनगंज ने सोमवार को जाकर तत्काल हल करने की बात कही। जनता दर्शन में आधारी का पुरवा, रामपुर, नौगांव, भरसरी, फिरोजपुर, मिर्जापुर भिटारी, लखपुरा, सेनपुर के लोगों की समस्या को हल किया गया। रामशंकर, रानी देवी 75 वर्ष हो जाने पर उनको इलाज के लिए आयुष्मान कार्ड बनवाया जाएगा। श्री लोहारी ने बताया कि जनता के प्रत्येक कार्य



को रजिस्टर में लिखकर फालो किया जाता है। कार्य हो जाने पर सूचना भी दी जाती है। उन्होने बताया कि जिस विश्वास के साथ जनता आती है उनका कार्य ईमानदारी के साथ किया जाता है। इस मौके पर कार्यालय प्रभारी के अलावा रामू, नाहर सिंह, कमलेश, सनी सिंह, नीरज अग्निहोत्री आदि मौजूद रहे।

# कांशीराम ने पीड़ित व शोषित समाज को मुख्यधारा में लाने का किया काम

## - सपाईयों ने बहुजन नायक कांशीराम जी की मनाई जयंती



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। समाजवादी पार्टी कार्यालय में बहुजन नायक, सामाजिक क्रांति के अग्रदूत मान्यवर कांशीराम जी की जयंती जोश खरोश के साथ मनाई गई। चित्र पर पुष्पांजलि के उपरांत उनके विचारों पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें सभी वक्ताओं ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला। जिलाध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि मान्यवर कांशीराम जी एक विचारधारा का नाम है एक परिवर्तन की पहचान है। उन्होने अपना सारा जीवन दबे कुचले, पीड़ित शोषित वंचित समाज को मुख्यधारा में लाने का काम किया। निरंतर अथक प्रयासों के बाद पहले बामसेफ, फिर डीएस चार और अंत में 1984 में बीएसपी बना कर प्रदेश में चार बार सरकार बनाने का काम किया। उनका मुख्य उद्देश था जिसकी जितनी संख्या भारी उसकी उतनी हिस्सेदारी। यदि इस विचार के साथ देश की सरकारों ने काम किया तो समाज के अंतिम व्यक्ति तक आर्थिक और सामाजिक गैर बराबरी को खत्म किया जा सकता है। संचालन जिला महासचिव चौधरी मंज़र यार ने किया। इस मौके पर वीरेंद्र यादव, दयालु गुप्ता, मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड जिलाध्यक्ष अमित मौर्या, दीपक यादव दलजीत निषाद, विपिन यादव, जगदीश सिंह उर्फ जालिम सिंह एडवोकेट, गणेश वर्मा, चेयरमैन नगर पालिका राजकुमार मौर्या, डॉ राम नरेश पटेल, राम .पाल सोनकर, रामकिशोर प्रजापति, रामतीरथ परमहंस, संगीता राज पासवान, आरती बघेल, रत्नेश रत्ना, भारती निषाद, डॉ अमित पाल, सुहैल खान हेमू, डीजी कुशवाहा, नंद किशोर पाल, राम गुलाम जाटव, राम दुलारे पासवान, शिवपूजन कोरी, राहुल पासवान, शिव पूजन, अखिलेश, राम लखन कोरी, संजय सिंह, राजू पासी, कुलदीप पासी, मंहगू निषाद, शिवम कुमार, अंकित कुमार, जगजीवन राम विशकर्मा मौजूद रहे।

# 18 अप्रैल से होगी श्रीमद देवीभागवत महापुराण कथा

## – कथाव्यास स्वामी पवन देव का होगा आगमन

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। रविवार को सनातन धर्म प्रचार मंच एवं सिद्धपीठ कालिका मंदिर ट्रस्ट की एक आवश्यक बैठक मां कालिका मंदिर में आहूत की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 18 अप्रैल से 26 अप्रैल तक श्रीमद् देवीभागवत महापुराण कथा का नौ दिवसीय भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसमें मुख्य यजमान के रूप में केशवराम त्रिपाठी सपत्नीक होगें। कथाव्यास स्वामी पवन देव जी महाराज जी (केदार घाट काशी) का आगमन सुनिश्चित किया गया है। इस अवसर पर बीपी पाण्डेय, प्रेम शंकर मिश्र प्रवक्ता, प्रमोद द्विवेदी, राजकिशोर अग्निहोत्रि, शोभा सिंह, धनंजय द्विवेदी, संतोष सिंह राजू उपस्थित रहे। यह जानकारी अजय सिंह चौहान मीडिया प्रभारी सनातन धर्म प्रचार मंच ने दी।

# होली मिलन सम्मान समारोह में जुटा दोसर वैश्य समाज

## – राजनीति व सामाजिक क्षेत्र में भागीदारी बढाने का आहवान

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। भारतीय दोसर वैश्य महासमिति की ओर से ललौली रोड स्थित



एक गेस्ट हाउस में होली मिलन व सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें वृंदावन से आये कलाकारों ने बरसाने की होली का आनंद उठाया। विराट एवं अलौकिक होली मिलन सम्मान समारोह में समाज की प्रमुख विभूतियों को सम्मानित किया गया। साथ ही वृंदावन से आई सांस्.तिक टीम ने राधा .ष्ण की झांकी, मयूर नृत्य एवं फूलों की होली आकर्षक प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम को भक्तमयी उत्सव के रंगों से सराबोर कर दिया। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनोद गुप्ता ने कहा कि दोसर वैश्य समाज को पूर्ण सम्मान तभी मिलेगा जब समाज के लोग राजनीति एवं सामाजिक क्षेत्र में भागीदारी करेंगे। उन्होंने कहा कि समाज को अपनी आदतों में परिवर्तन लाकर संघर्ष के लिये आगे आना होगा। जिलाध्यक्ष नारायण बाबू गुप्ता ने समाज की सेवाओं का वर्णन करते हुये कहा कि कितना भी व्यस्त सही मगर समाज के सम्मान एवं उसकी सेवाओं के लिये सदैव तत्पर रहेंगे। बिंदकी नगर अध्यक्ष अष्वनी गुप्ता ने सभी का आभार जताया। आयोजन समिति ने अतिथियों को पटका व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। वृंदावन की टीम द्वारा राधा.ष्ण और हनुमान जी की झांकियों ने दर्शकों की खूब वाहवाही लूटी। इस मौके पर राजा, अन्नू गुप्ता, महेंद्र गुप्ता, रज्जू गुप्ता, अरविंद गुप्ता, रामजी गुप्ता, संजय गुप्ता, आमोद गुप्ता, सुनीता गुप्ता, कविता गुप्ता, सीमा गुप्ता, पूजा गुप्ता, प्रज्ञा गुप्ता, मंदाकिनी गुप्ता, आरती मौजूद रहीं।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )